Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
# वेलकम इंडिया
RNI NO. UPHIN/2018/76874
नये भारत की नई सोच

वर्षः 07 अंकः 68 | शुक्रवार, 13 मार्च-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## एलपीजी सिलेंडर को लेकर सियासत तेज, पीएम ने कहा- अफवाह फैलाने वालों पर नजर रखो

# जमाखोरी करने वाले जाएंगे जेल

**वेलकम इंडिया नेटवर्क**



**नई दिल्ली।** देश में एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति को लेकर उठी आशंकाओं के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्थिति पर कड़ा रुख अपनाते हुए केंद्रीय मंत्रियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि किसी भी तरह के दुष्प्रचार और घबराहट फैलाने की कोशिशों का आक्रामक तरीके से जवाब दिया जाए। मोदी सरकार ने साफ किया है कि देश में घरेलू रसोई गैस की आपूर्ति को लेकर घबराने की जरूरत नहीं है और किसी भी संकट से निपटने के लिए व्यापक तैयारियां पहले से मौजूद हैं।

सूत्रों के अनुसार मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में प्रधानमंत्री ने मंत्रियों से कहा कि कुछ लोग एलपीजी आपूर्ति की स्थिति को लेकर अनावश्यक घबराहट पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने मंत्रियों को निर्देश दिया कि ऐसी हर कोशिश पर कड़ी नजर रखी जाए और तथ्यों के साथ उसका तुरंत जवाब दिया जाए। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि सोशल मीडिया सहित हर मंच पर विपक्ष के दुष्प्रचार का आक्रामक तरीके से जवाब दिया जाना चाहिए।

प्रधानमंत्री का कहना था कि मौजूदा स्थिति किसी एक देश तक सीमित नहीं है बल्कि वैश्विक परिस्थितियों के कारण दुनिया के कई देशों को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद भारत की तैयारियां मजबूत हैं और सरकार किसी भी तरह की आपूर्ति बाधा से निपटने में पूरी तरह सक्षम है। सरकार का जोर इस बात पर है कि घरेलू उपभोक्ताओं को रसोई गैस की उपलब्धता में किसी प्रकार की समस्या न होने दी जाए। इसी बीच, केंद्र सरकार ने प्रशासनिक स्तर पर भी सख्त कदम उठाए हैं। गृह सचिव गोविंद मोहन ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों तथा पुलिस महानिदेशकों के साथ विस्तृत बैठक कर देशभर में एलपीजी की उपलब्धता और आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की। लगभग दो घंटे चली इस बैठक में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। बैठक में राज्यों को निर्देश दिया गया कि एलपीजी से जुड़ी पूरी आपूर्ति श्रृंखला पर कड़ी निगरानी रखी जाए। इसमें बोटलिंग प्लांट, वितरण नेटवर्क और परिवहन व्यवस्था की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया है। अधिकारियों को यह भी कहा गया है कि स्थानीय स्तर पर रोजाना एलपीजी की उपलब्धता की समीक्षा करें और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या कालाबाजारी की कोशिशों पर तुरंत कड़ी कार्रवाई करें। सूत्रों के अनुसार रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल इकाइयों को भी एलपीजी उत्पादन अधिकतम करने और घरेलू उपभोक्ताओं के लिए आपूर्ति को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार ने होटल और रेस्तरां जैसे वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को दी जाने वाली एलपीजी आपूर्ति पर कुछ नियंत्रण लगाए हैं, ताकि घरेलू उपभोक्ताओं के लिए पर्याप्त गैस उपलब्ध रह सके। हालांकि अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों जैसी आवश्यक सेवाओं पर ये प्रतिबंध लागू नहीं होंगे। इसके साथ ही गृह मंत्रालय ने चौबीस घंटे संचालित होने वाले अपने नियंत्रण कक्ष को और मजबूत किया है।

इसमें सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा पेट्रोलियम मंत्रालय के नोडल अधिकारियों को भी शामिल किया गया है, ताकि राज्यों के साथ बेहतर समन्वय, तथ्य जांच और वास्तविक समय में स्थिति स्पष्ट करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। दूसरी ओर विपक्ष इस मुद्दे को लेकर सरकार पर लगातार हमलावर बना हुआ है। कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करते हुए सरकार की आलोचना की और इसे लाइन लगाओ योजना करार दिया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि जनता के बीच पैनिक न फैलाया जाये जबकि वह खुद ही घबराये हुए हैं।

## फारूक अब्दुल्ला के सिर पर तानी पिस्तौल, चली गोली



**वेलकम इंडिया नेटवर्क**

**जम्मू-कश्मीर।** जम्मू के ग्रेटर कैलाश इलाके में बुधवार रात एक शादी समारोह के दौरान उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब एक सशस्त्र व्यक्ति ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला पर हमला करने की कोशिश की। इस घटना में फारूक अब्दुल्ला, जम्मू-कश्मीर के उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी और मुख्यमंत्री के सलाहकार नासिर असलम वानी बाल-बाल बच गए।

अधिकारियों ने बताया कि यह घटना उस समय हुई जब अब्दुल्ला, उपमुख्यमंत्री चौधरी और मुख्यमंत्री के सलाहकार नासिर असलम वानी शहर के बाहरी इलाके में स्थित ग्रेटर कैलाश क्षेत्र के समारोह स्थल से निकल रहे थे। आरोपी की पहचान कमल सिंह जामवाल के रूप में हुई है, जो पुरानी मंडी का निवासी है।

वह पिस्तौल लेकर अब्दुल्ला के पीछे पहुंचा और गोली चला दी। जम्मू कश्मीर पुलिस के सुरक्षा शाखा के दो अधिकारियों—एक निरीक्षक और एक उप निरीक्षक ने उसे काबू कर लिया। उपमुख्यमंत्री चौधरी ने इस घटना को सुरक्षा में चूक बताया, जबकि पुलिस ने कहा कि विस्तृत जांच जारी है।

## केरल चुनाव से पहले सीपीएम में बड़ी फूट, दिग्गज जी. सुधाकरन ने छोड़ी पार्टी, निर्दलीय ठोकेंगे ताल

**वेलकम इंडिया नेटवर्क**



**केरल।** कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) के लिए एक बड़ा झटका देते हुए, वरिष्ठ नेता जी. सुधाकरन ने गुरुवार को घोषणा की कि उन्होंने पार्टी से सभी संबंध तोड़ लिए हैं और आगामी केरल विधानसभा चुनाव में अपने गृह क्षेत्र अंबलप्पुझा से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ेंगे। पत्रकारों से बात करते हुए सुधाकरन ने कहा कि वह अंबलप्पुझा के तटीय जिले में स्थित उस निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे, जिसे लंबे समय से सीपीआई (एम) का गढ़ माना जाता रहा है।

उन्होंने कहा, यूडीएफ से समर्थन का कोई सवाल ही नहीं है, क्योंकि मैंने इसके लिए अनुरोध नहीं किया है। मैंने किसी से बात नहीं की है। पूर्व मंत्री ने यह भी कहा कि वह अपने चुनाव प्रचार के तहत दीवार पेंटिंग या सम्मेलन आयोजित नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, मैंने किसी का समर्थन नहीं मांगा है।

सुधाकरन ने कहा कि वे चुनाव प्रचार के दौरान राजनीतिक मुद्दे उठाएंगे, लेकिन राज्य सरकार के खिलाफ नहीं बोलेंगे। साथ ही, उन्होंने संकेत दिया कि वे भ्रष्टाचार से जुड़े मुद्दों पर बात करेंगे। सुधाकरन ने कहा कि उन्होंने राज्य समिति को कोई शिकायत नहीं दी है और निचले स्तर पर ही मुद्दों को सुलझा लिया है।

उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री या पार्टी नेतृत्व से हस्तक्षेप या टिकट के लिए कभी संपर्क नहीं किया। अपने बारे में हालिया खबरों का जिक्र करते हुए सुधाकरन ने कहा कि मीडिया में उनके नाम से छपे कई बयान गलत हैं। उन्होंने यूडीएफ के समर्थन से चुनाव लड़ने की अटकलों को भी खारिज करते हुए ऐसे दावों को 'प्रचार' बताया। उन्होंने आगे कहा कि हालांकि कुछ नेताओं ने उनसे मुलाकात की थी, लेकिन किसी भी वरिष्ठ पार्टी नेता ने उनसे सुलह के लिए संपर्क नहीं किया। सुधाकरन ने याद दिलाया कि उन्होंने 68 साल पहले स्कूल में पढ़ते समय ही सीपीआई (एम) में शामिल हो गए थे और 1967 में एसएन कॉलेज में पढ़ाई के दौरान पार्टी की राजनीति में सक्रिय हो गए थे।

उन्होंने कहा, मैंने किसी के दबाव में आकर पार्टी में शामिल नहीं हुआ। सुधाकरन ने बताया कि उन्होंने अपनी पार्टी की सदस्यता का नवीनीकरण नहीं कराया है, जिसकी जांच सीपीआई (एम) शाखा समिति द्वारा की जाती है।

## संसद में लौटे ओम बिरला, विपक्ष को दिया कड़ा संदेश- 'नियमों से ऊपर कोई भी नहीं'



**वेलकम इंडिया नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए दावा किया कि पीएम खुद घबराए हुए हैं। राहुल गांधी ने संसद परिसर में पत्रकारों से कहा कि प्रधानमंत्री देश की जनता से तो नहीं घबराने की अपील कर रहे हैं, लेकिन वे खुद अदाणी मामले और 'एप्सटीन फाइल' जैसे मुद्दों के कारण डरे हुए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इसी डर की वजह से प्रधानमंत्री सदन के भीतर नहीं आ पा रहे हैं। दरअसल, पश्चिम एशिया के संकट के कारण देश में रसोई गैस की कमी की आशंका जताई जा रही है, जिस पर प्रधानमंत्री ने बुधवार को जनता से धैर्य रखने और केवल सही जानकारी पर भरोसा करने की अपील की थी। दूसरी ओर, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्ष द्वारा उनके खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के खारिज होने पर सदन का आभार जताया। बिरला ने स्पष्ट किया कि सदन में कोई भी सदस्य, चाहे वह पक्ष का हो या विपक्ष का, नियमों से ऊपर नहीं है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को भी नियमों के दायरे में रहकर ही बोलने का अधिकार है।

## सफेद जहर का तांडव, रसोई तक पहुँचा मौत का दूध, 12 लोगों की मौत

**वेलकम इंडिया नेटवर्क**



**आंध्र प्रदेश।** आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले में जो हुआ, वह किसी दुःस्वप्न से कम नहीं है—जहाँ सुबह की चाय और बच्चों का दूध 'धीमा जहर' बनकर घरों में दाखिल हुआ। वरलक्ष्मी मिल्क डेरी से निकले उस मिलावटी दूध ने देखते ही देखते 12 घरों के चिराग बुझा दिए। यह महज एक दुर्घटना नहीं, बल्कि एक नृशंस सामूहिक हत्याकांड जैसा है, जहाँ मुनाफे के लालच में दूध में घातक रसायन मिला दिए गए। अस्पताल के वार्डों में तड़पते बुजुर्ग, पेशाब रुकने से फूलते शरीर और उल्टियों के बीच अपनी आखिरी सांसें गिनते मासूमों ने पूरे राज्य को दहशत में डाल दिया है। क्या अब हम अपने बच्चों को दूध पिलाने से पहले सौ बार नहीं सोचेंगे?

इस खौफनाक कांड ने साबित कर दिया है कि हमारी खाद्य सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। आज 12 मौतें हुई हैं, लेकिन सवाल यह है कि इस वक्त कितने और घरों में यह 'सफेद मौत' खौल रही है? पूरा इलाका किसी श्मशान जैसी शांति और गहरे तनाव की चपेट में है, जहाँ हर दरवाजा खटखटाने वाला दूधवाला अब एक कातिल की तरह नजर आ रहा है।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, इस समूह की पहचान सबसे पहले 22 फरवरी को हुई थी, जब कई बुजुर्ग व्यक्तियों को पेशाब न आना, उल्टी, पेट दर्द और अन्य दिक्कतोंके साथ अस्पतालों में भर्ती कराया गया था। प्रभावित लोग लालाचेरुवु के चौदेश्वरनगर और स्वरूपनगर इलाकों के निवासी थे।

एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है, 'पुख्ता महामारी विज्ञान संबंधी साक्ष्य दूध में मिलावट को संभावित कारण के रूप में इंगित करते हैं, और विभिन्न विभागों में समन्वित कार्रवाई शुरू कर दी गई है।'

नैदानिक जांच में रक्त में यूरिया और सीरम क्रिएटिनिन का स्तर बढ़ा हुआ पाया गया, जो विषाक्त पदार्थों के संपर्क में आने का संकेत देता है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि कोरुकोंडा मंडल के नरसपुरम गांव में स्थित वरलक्ष्मी मिल्क डेरी से 106 परिवारों को आपूर्ति किया जाने वाला दूध इसका स्रोत हो सकता है।

# विश्व किडनी दिवस पर यशोदा मेडिसिटी की बड़ी पहल, किडनी रोगियों के लिए समर्पित ट्रांसप्लांट क्लिनिक का शुभारंभ

## 'रीनल केयर और किडनी प्रत्यारोपण में उन्नति' विषय पर विशेषज्ञों ने दी महत्वपूर्ण जानकारी

**वेलकम इंडिया संवाददाता**







**गाजियाबाद।** विश्व किडनी दिवस के अवसर पर इंदिरापुरम स्थित यशोदा मेडिसिटी अस्पताल ने किडनी स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और किडनी रोगों के उन्नत उपचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। 'रीनल केयर और किडनी प्रत्यारोपण में उन्नति' विषय पर गुरुवार को आयोजित इस कार्यक्रम में किडनी रोगों की रोकथाम, समय पर पहचान और उपचार के महत्व पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर किडनी के दीर्घकालिक रोग से पीड़ित मरीजों के लिए समर्पित प्रत्यारोपण क्लिनिक का भी उद्घाटन किया गया, जहां एक ही स्थान पर रोगियों को व्यापक देखभाल और आधुनिक उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अखिलेश मोहन उपस्थित रहे। उनके साथ अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक, विशिष्ट अतिथि, किडनी दाता, प्रत्यारोपण प्राप्त मरीज और अन्य स्वास्थ्य विशेषज्ञ भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत विश्व किडनी दिवस की इस वर्ष की थीम 'सबके लिए किडनी स्वास्थ्यः लोगों की देखभाल और पृथ्वी की सुरक्षा' पर विचार-विमर्श के साथ हुई। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि किडनी स्वास्थ्य केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी ही नहीं, बल्कि समाज और पर्यावरण से भी जुड़ा हुआ विषय है। स्वच्छ पर्यावरण, संतुलित जीवनशैली और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच के माध्यम से किडनी रोगों के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। अस्पताल के विशेषज्ञों ने इस बात पर जोर दिया कि आज के समय में किडनी से जुड़े रोग तेजी से बढ़ रहे हैं, जिनमें सबसे प्रमुख दीर्घकालिक किडनी रोग है। यदि इस रोग की समय रहते पहचान हो जाए और उचित उपचार शुरू किया जाए तो मरीज को गंभीर स्थिति तक पहुंचने से बचाया जा सकता है। आधुनिक चिकित्सा तकनीकों, उन्नत डायलिसिस व्यवस्था और किडनी प्रत्यारोपण जैसी सुविधाओं ने किडनी रोगियों के जीवन में नई उम्मीद जगाई है। यशोदा मेडिसिटी के चिकित्सकों ने बताया कि मरीजों को बेहतर परिणाम देने के लिए समर्पित प्रत्यारोपण क्लिनिक की स्थापना एक महत्वपूर्ण कदम है, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम रोगियों की पूरी चिकित्सा यात्रा में मार्गदर्शन और उपचार उपलब्ध कराएगी।

कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा किडनी दाताओं, प्रत्यारोपण के बाद स्वस्थ जीवन जी रहे मरीजों और किडनी रोग से जूझ रहे लोगों का सम्मान भी रहा। इस दौरान कई मरीजों और उनके परिवारों ने अपने अनुभव साझा किए। इन कहानियों ने यह दशार्या कि किडनी प्रत्यारोपण और आधुनिक उपचार पद्धतियों के माध्यम से जीवन को नया अवसर मिल सकता है। किडनी दाताओं की निस्वार्थ भावना की सराहना करते हुए चिकित्सकों ने कहा कि अंगदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है, जिससे किसी व्यक्ति को नया जीवन मिल सकता है।

## बिहार रिक्रूटमेंट बोर्ड की बड़ी लापरवाही, सालों बाद मिले एडमिट कार्ड पर कुत्ते की तस्वीर



**वेलकम इंडिया नेटवर्क**

**बिहार।** सार्वजनिक परीक्षाओं के संचालन में संदिग्ध लापरवाही की एक चौंकाने वाली घटना में, बिहार के रोहतास जिले में एक भर्ती परीक्षा के लिए जारी किए गए एडमिट कार्ड पर कथित तौर पर उसकी तस्वीर के बजाय कुत्ते की तस्वीर लगी हुई है। उम्मीदवार, रितेश कुमार ने 2022 में जिला एवं सत्र न्यायालय में चपरासी के पदों की अधिसूचना जारी होने के बाद परीक्षा के लिए आवेदन किया था। हालांकि, भर्ती परीक्षा का एडमिट कार्ड लगभग चार साल की लंबी देरी के बाद हाल ही में जारी किया गया है। कुमार के अनुसार, जब उन्होंने 15 मार्च को होने वाली प्रारंभिक परीक्षा के लिए अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड किया, तो वे यह देखकर हैरान रह गए कि एडमिट कार्ड पर लगी तस्वीर एक गोल्डन रिट्रीवर कुत्ते की थी। नौकरी के इच्छुक उम्मीदवार ने कहा कि आवेदन जमा करते समय उन्होंने अपनी सही तस्वीर अपलोड की थी और अपने दावे को साबित करने के लिए उन्होंने पावती पर्ची की एक प्रति भी प्रस्तुत की। कुमार ने कहा कि इस कथित त्रुटि के कारण उनके इलाके में उनका मजाक उड़ाया जा रहा है। उन्होंने यह भी दावा किया कि उन्होंने संबंधित भर्ती बोर्ड में कई शिकायतें दर्ज कराई हैं और इस गलती को सुधारने का अनुरोध किया है। हालांकि, उन्होंने कहा कि परीक्षा की तारीख नजदीक आने के बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

## संपादक की कलम से

# अविश्वास प्रस्ताव की राजनीति एवं लोकतांत्रिक मूल्य



ललित शर्मा
संपादक

भारतीय लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण संस्था संसद है, जहां न केवल कानून बनते हैं बल्कि राष्ट्र की दिशा और दशा पर गंभीर विमर्श भी होता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था का मूल आधार यही है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों अपनी-अपनी भूमिका को लोकतांत्रिक तरीके से जिम्मेदारी, संयम और मयार्दा के साथ निभाएं, यह नितांत अपेक्षित है। किंतु हाल के दिनों में जिस तरह से लोकसभा में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाया गया अविश्वास प्रस्ताव चर्चा में आया, उसने एक बार फिर यह प्रश्न खड़ा कर दिया कि क्या विपक्ष वास्तव में संसदीय मयार्दाओं और लोकतांत्रिक जिम्मेदारियों को लेकर गंभीर है या वह केवल स्वार्थ की राजनीतिक करने के लिए ऐसे कदम उठा रहा है। लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाना एक गंभीर संसदीय कदम माना जाता है। यह केवल राजनीतिक विरोध का साधन नहीं होता, बल्कि इसके पीछे ठोस तर्क, गंभीर आरोप और व्यापक समर्थन होना अपेक्षित होता है। किंतु जिस प्रकार विपक्ष ने यह प्रस्ताव लाया और बाद में उसकी गंभीरता का अभाव दिखाया, उसने इस पूरी प्रक्रिया को प्रश्नों के घेरे में खड़ा कर दिया। जब यह प्रस्ताव ध्वनि मत से खारिज हुआ तो विपक्ष ने मतदान की मांग तक नहीं की। यदि विपक्ष को अपने प्रस्ताव पर पूरा विश्वास होता और उसे लगता कि वह सदन का समर्थन प्राप्त कर सकता है, तो वह निश्चित रूप से मत विभाजन की मांग करता। लेकिन ऐसा न होना इस तथ्य को ही पुष्ट करता है कि विपक्ष स्वयं भी जानता था कि यह प्रस्ताव पारित होने की स्थिति में नहीं है। इससे भी अधिक आश्चर्यजनक स्थिति तब देखने को मिली जब प्रस्ताव पर चर्चा का अवसर आया तो विपक्ष ने स्वयं उस पर चर्चा करने के बजाय पश्चिम एशिया के संकट पर बहस की मांग शुरू कर दी। यह विषय निश्चित रूप से महत्वपूर्ण है, किंतु यदि विपक्ष ने स्वयं लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया था तो उसे पहले उसी पर गंभीर चर्चा करनी चाहिए थी। सरकार की ओर से भी यह स्पष्ट किया गया कि वह अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा से पीछे नहीं है, लेकिन संसद की कार्यवाही को नियमों और प्राथमिकताओं के अनुसार चलाना आवश्यक है। इस पूरे घटनाक्रम ने यह संकेत दिया कि विपक्ष विशेष रूप से कांग्रेस अपने ही प्रस्ताव को लेकर गंभीर नहीं थी। इस अवसर पर ही नहीं, अनेक अवसरों पर उसने गैर-जिम्मेदारी एवं बचकानेपन का अहसास कराया है। लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। वह सरकार की नीतियों की समीक्षा करता है, उसकी गलतियों को उजागर करता है और वैकल्पिक दृष्टि प्रस्तुत करता है। किंतु जब विपक्ष केवल राजनीतिक आरोपों और शोर-शराबे तक सीमित रह जाए तो लोकतांत्रिक विमर्श कमजोर पड़ने लगता है। यहां सत्ता-पक्ष के लिये भी यह गौर करने की बात है कि आखिर विपक्ष को ऐसा क्यों लग रहा है कि उसकी बातों को अनसुना किया जाता है? पक्ष एवं विपक्ष दोनों को ही विश्वास, समन्वय एवं सौहार्द बनाये रखते हुए ही आगे बढ़ना होगा। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का व्यवहार भी कई बार संसदीय मयार्दाओं के संदर्भ में चर्चा का विषय बना है। यह सच है कि विपक्ष के नेता के रूप में उन्हें सरकार की आलोचना करने और अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि संसदीय नियमों और परंपराओं को दरकिनार कर दिया जाए।

## बेमौसम की आई बरसात

उदय किशोर साह

कविता



बदरी की चादर में लिपट दिखलाई
चुपके से वर्षा रानी आसमां पे आई
रिमझिम रिमझिम बुन्दों की ये बरसात
बेमौसम की मिल रही है धरा को सौगात

नटखट अल्हड़ चंचल ये वयार पुरवाई
साथ साथ बन गई बारिस की परछाईं
डोल रही है वन उपवन की ये तरूवर
फुहार गिर रही धरती पे नीचे से उपर

बिन मौसम की ये कैसी आई है बरसात
भीगो गई खेत खलिहान दिन रात
झींगुर सारंगी पे गाती है मधुर ये। गान
भैरवी संगीत की छेड़ दी सरगम की तान

अमुवा की डाली पे मंजरी खुशी मनाये
शबनम रो रो कर तृण पे अश्क बहाये
मधुर मधुर ठंडक की है आई नई विहान
ओस से काँप रही है वो तृण की मैदान

साग सब्जी न्ई जीवन है आज पाया
चैत की तपती धूप से आज राहत दिलाया
कितना सुंदर खिलखिलाती आई विहान
काश । प्रकृति को बरबस मिलती वरदान

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# संस्कार विहीन आधुनिकता समाज के लिए घातक



संजीव ठाकुर
लेखक

भारतीय समाज एक बहुभाषी, बहु सांस्कृतिक, बहुजातीय, बहु धार्मिक समाज है। एक नजर में इसकी प्रगाढ़ता और इसके विराट स्वरूप को समझना अत्यंत कठिन है। भारतीय समाज की गहरी और विशाल संरचना को, उसके विभिन्न आयामों को समझना हमारे लिए अत्यंत आवश्यक भी है और अनिवार्य भी। हमारा समाज एक विशिष्ट और उत्कृष्ट समाज है, जो अनेक संस्कृतियों, रीति-रिवाजों, धार्मिक विश्वासों और जीवनशैली में गुथा हुआ है। रोजमर्रा की जीवन शैली में भारतीय समाज की विशिष्ट पहचान दृष्टिगोचर होती है। यह समाज जहां अपनी पुरातन रूढ़िवादिता की बेड़ियों में जकड़ा है, वहीं दूसरी तरफ आधुनिक विकास के साथ अग्रसर होने की चाह में आगे बढ़ रहा है। भारतीय समाज रूढ़िवादिता और आधुनिकता के विकास के बीच अंतर्द्वंद में फंसा हुआ है। एक और भारतीय समाज पश्चिम से प्रेरित होकर भौतिकता की चकाचौंध के पीछे भाग रहा है वहीं दूसरी तरफ अपनी पुरातन आध्यात्मिक परंपराओं का भी बखूबी निर्वाहन करने का प्रयास भी कर रहा है। किंतु समाज में यह अंतर्द्वंद बना हुआ है कि वह योग को अधिक महत्व दे अथवा भोग को, इससे इतर भारतीय समाज आश्चर्यजनक रूप से दोनों को अपनाते हुए आगे की ओर अग्रसर है। भारतीय महिलाएं जीवन के हर क्षेत्र में सफलता की नई परिभाषाएं लिख नहीं है वही देश में शिशु लिंगानुपात हर जनगणना में घटता जा रहा है। सामाजिक कुरीतियों में कमी तो आई है पर महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों और यौन अपराधों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। हमारे समाज में बेटियां नाम कमा कर माता-पिता का नाम रोशन तो तेजी से कर रही हैं पर भ्रूण हत्या की दरों में अनावश्यक तेजी भी चिंता का कारण बनी हुई है। यही अंतर्विरोध ही समाज को चिंतनीय भी बना रहा है। सबसे ताजा खबरों में हरनाज संधु ने मिस यूनिवर्स का खिताब जीता है, और देश का नाम ऊंचा कर गौरव हासिल किया है। भारतीय लड़कियों ने फैशन में एक नया मुकाम बनाया है आज आधुनिक पेंट, जींस पहन कर लड़कियां आगे बढ़ने को आतुर है। दूसरी तरफ खानपान में जहां भारतीय पारंपरिक व्यंजन डोसा, सांभर, इडली, पंजाबी ,मसालेदार भोजन ग्लोबल स्तर पर छा रहे हैं। ऐसा नहीं है कि सिर्फ हम पारंपरिक भोजन ही कर रहे हैं हमने पिज्जा, पास्ता, मैक्सिकन, इटालियन, चाइनीस और कॉन्टिनेंटल फूड को भी आमजन का खाद्य पदार्थ बनाया हुआ हैं। भारतीय समाज अंत्येष्टि रूढ़िवादी संस्कारों को पूरी तरह निभाने का प्रयास कर रहा है दूसरी तरफ लिव इन रिलेशनशिप में युवक युवतियां महानगरों में बड़े आराम से जीवन जी रहे हैं। रूढ़िवादिता तथा पश्चिम के खुले पन और उन्मुक्त होता का एक फ्यूजन तैयार हो रहा है। हमारा समाज आधुनिक अनश्वर को अपनाता है दूसरी तरफ नवीन वैज्ञानिक पद्धति को भी अपना रहा है और नवयुग की ओर आकर्षित हो रहा है। दूसरी तरफ अपने पारंपरिक दार्शनिक धार्मिक मूल्यों जैसे ज्ञान, भक्ति, कर्म मार्ग, अवतारवाद, पुनर्जन्म, आस्था तथा मोक्ष की अवधारणा और अहिंसा के सिद्धांतों पर अभी भी आस्थावान है। धर्म तथा अध्यात्म का आकर्षण कम होने के स्थान पर ज्यादा हुआ है। धार्मिक स्थलों के बढ़ते निर्माण धर्म गुरु के सत्संग, प्रवचन, पूजन, भजन ,कीर्तन, अजान ,अरदास, उपवास, रोजा, तीर्थ स्थलों, दरगाह पर भारी भीड़ यह सब सिद्ध करते हैं कि भारतीय समाज आधुनिक होने के साथ-साथ रूढ़िवादिता पर भी विश्वास रखता है। इन्हीं सब कारको के कारण रूढ़िवादिता तथा पाश्चात्य दर्शन का अंतर्विरोध स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। एक और पर्यावरण संरक्षण को बनाए रखते हुए हम भारतीय समावेशी विकास की बात करते हैं। वहीं दूसरी तरफ विकास के नाम पर खनन, पेडो की बेतरतीब कटाई जारी रख पर्यावरण की धज्जियां उड़ाते हैं। जल, जंगल, जमीन से लेकर हवा तक भ्रष्टाचार का बोलबाला है, इससे रूढ़िवादिता और पश्चिमीकरण मैं द्वंद स्पष्ट उजागर होता है। स्वतंत्रता के बाद भारतीय समाज ने अपने संविधान के निर्माण और व्यवस्था के गठन तक में रूढ़िवाद और आधुनिकता दोनों का समन्वय बनाकर दोनों ही वाद को पर्याप्त स्थान दिया है। परंपरागत मूल्यों को जहां मौलिक कर्तव्य राज्य नीति के निर्देशक तत्व और प्रस्तावना में स्थान दिया है। इसके अलावा मौलिक आजादी के समानता के सिद्धांत को फ्रांस से, संसदीय प्रणाली ब्रिटेन से और मानवीय मूल अधिकार को अमेरिका से ग्रहण करने में जरा भी संकोच नहीं किया है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी स्तर पर भी भारतीय समाज रूढ़िवादिता और आधुनिकता की ओर एक साथ बढ़ने का प्रयास कर रहा है। एलोपैथी पद्धति से इलाज ने अपना महत्वपूर्ण स्थान बनाया है वही आयुर्वेद योग, परंपरागत आयुर्वेद, ध्यान, नेचुरोपैथी आदि वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों में भी लोगों की रुची बड़ी तेजी से बढ़ी है। रविंद्र नाथ टैगोर जी ने कहा है 'आधुनिकता पोशाक में नहीं विचारों में होनी चाहिए'

भारतीय समाज बा' वस्तुओं के साथ-साथ वैचारिक और संस्कृति स्तर पर भी रूढ़िवादिता और आधुनिकता दोनों की ओर एक साथ बढ़ने का प्रयास कर रहा है। ऐतिहासिक तौर पर भी भारतीय कला और संस्कृति का विकास स्वयं में रूढ़िवादिता और आधुनिकता के समन्वयक का उत्कृष्ट उदाहरण अमीर खुसरो भारतीय वीणा और इरानी तंबूरे को मिलाकर सितार बना रहे थे।

स्थापत्य की नागर शैली व मूर्ति कला की गंधार शैली अलग-अलग भारतीय व बा' कलाओं के समन्वय का उत्कृष्ट परिणाम है। मुस्लिम स्थापत्य पर भारतीय प्रभाव स्पष्ट दृष्टिगोचर होता है। हिंदी और फारसी के सहयोग से उर्दू का जन्म भारतीय समाज की ही देन है। इसीलिए यह बात स्पष्ट है कि रूढ़िवादिता और पाश्चात्य दर्शन के अनुसरण के लिए भारतीय जनमानस को दोनों दर्शन के सर्वोत्कृष्ट तत्वों को चुनकर उसे अंगीकार करना चाहिए। जिससे भारतीय समाज में विकास की गति भारतीय संस्कृति तथा आधुनिकता के साथ साथ तीव्र गति से हो पाए और मानव कल्याण संभव हो पाए।

# बदलती ऋतुओं का असंतुलन: जलवायु परिवर्तन और सर्दी-गर्मी के बिगड़ते समीकरण



जयदेव राठी
लेखक



भारत में एक पुरानी कहावत है – 'अगहन-पूस की ठंड और जेठ-आषाढ़ की तपन' – यानी सर्दी और गर्मी अपने-अपने मौसम में आती हैं, अपना काम करती हैं और चली जाती हैं। लेकिन अब यह कहावत महज एक पुरानी याद बनकर रह गई है। आज न सर्दी समय पर आती है, न गर्मी समय पर जाती है। दिसंबर में पंखे चलते हैं और मार्च में रजाइयाँ निकल आती हैं। यह कोई महज मौसम की सनक नहीं है। यह जलवायु परिवर्तन की उस गहरी और भयावह चेतावनी का हिस्सा है, जिसे हम दशकों से अनसुना करते आए हैं।

भारतीय मौसम विभाग के आँकड़े बताते हैं कि पिछले तीन दशकों में भारत का औसत तापमान लगभग 0.7 डिग्री सेल्सियस बढ़ा है। यह संख्या भले ही छोटी लगे, लेकिन इसके परिणाम असाधारण रूप से बड़े हैं। सर्दियों की अवधि सिकुड़ रही है – जो ठंड कभी नवंबर के मध्य से फरवरी के अंत तक रहती थी, वह अब जनवरी के कुछ हफ्तों तक सिमट आई है। दूसरी ओर, गर्मी का मौसम न केवल लंबा हो रहा है, बल्कि उसकी तीव्रता भी असहनीय होती जा रही है।

वर्ष 2024 को विश्व मौसम संगठन ने अब तक का सबसे गर्म वर्ष घोषित किया। भारत में उसी वर्ष मई-जून में राजस्थान, उत्तर प्रदेश और दिल्ली में तापमान 48-50 डिग्री के पार चला गया। हीटवेव से सैकड़ों मौतें हुईं। इसी के साथ विचित्र विरोधाभास यह देखा गया कि दिसंबर 2023 में कश्मीर में जहाँ बर्फबारी न के बराबर हुई, वहीं हिमाचल प्रदेश के मैदानी इलाकों में फरवरी 2024 में अचानक ओलावृष्टि ने फसलें तबाह कर दीं। यह अनिश्चितता ही आज की सबसे बड़ी समस्या है।

हिमालय को 'एशिया का जल-मीनार₹ कहा जाता है। यहाँ के ग्लेशियर करोड़ों लोगों की प्यास बुझाते हैं और कृषि की रीढ़ हैं। लेकिन वैज्ञानिकों की चेतावनी है कि हिमालयी ग्लेशियर प्रतिवर्ष औसतन आधा मीटर की दर से पिघल रहे हैं। गंगोत्री ग्लेशियर पिछले 25 वर्षों में लगभग एक किलोमीटर सिकुड़ चुका है। इसका सीधा अर्थ है कि गंगा, यमुना, ब्रह्मपुत्र जैसी नदियाँ आगामी दशकों में गर्मियों में सूखने की कगार पर पहुँच सकती हैं।

सर्दियों में हिमपात का कम होना एक अदृश्य त्रासदी है। पहाड़ों में बर्फ जमा होती थी, फिर धीरे-धीरे पिघलकर गर्मियों में नदियों को जीवन देती थी। यह एक प्राकृतिक जलाशय प्रणाली थी। अब जब सर्दी छोटी और कमजोर होती है, तो बर्फ कम जमती है। परिणाम यह होता है कि गर्मियों में नदियाँ समय से पहले सूख जाती हैं और मानसून के दौरान अचानक बाढ़ की स्थिति बनती है।

जलवायु वैज्ञानिकों ने एक नया पद गढ़ा है – 'उष्ण रात'। इसका अर्थ यह है कि अब रात में भी तापमान उस स्तर तक नहीं गिरता, जितना पहले गिरता था। मानव शरीर, फसलें और पशु-पक्षी रात के ठंडे तापमान से अपनी ऊर्जा पुनः प्राप्त करते थे। जब रातें भी गर्म रहने लगती हैं, तो शरीर पर तनाव बढ़ता है, फसलों की उपज घटती है और वन्यजीव अपने व्यवहार में असंतुलन महसूस करते हैं।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के एक अध्ययन के अनुसार, यदि तापमान इसी दर से बढ़ता रहा, तो 2050 तक गेहूँ की उत्पादकता 20-25 प्रतिशत तक घट सकती है। गेहूँ को पकने के लिए सर्दी के अंतिम चरण में ठंडी रातें और हल्की धूप चाहिए। अब जब फरवरी-मार्च में ही तापमान तेजी से बढ़ने लगता है, तो गेहूँ के दाने पुष्ट नहीं हो पाते और किसान की मेहनत मिट्टी में मिल जाती है।

जलवायु परिवर्तन का असर केवल प्राकृतिक परिवेश तक सीमित नहीं है। शहरों में एक अलग घटना देखी जा रही है जिसे 'अर्बन हीट आइलैंड' कहते हैं। दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद जैसे महानगरों में कंक्रीट, डामर और ऊँची इमारतें दिन में सूर्य की ऊष्मा सोखती हैं और रात में उसे छोड़ती हैं। इससे इन शहरों का तापमान आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से 3 से 7 डिग्री तक अधिक रहता है।

जो लोग गर्मी से बचने के लिए एयर कंडीशनर चलाते हैं, वे और भी अधिक गर्मी पैदा करते हैं – क्योंकि एसी अंदर से ठंडक देता है, लेकिन बाहर गर्म हवा उगलता है। यह एक दुष्चक्र है – गर्मी से राहत पाने का उपाय और अधिक गर्मी पैदा करता है। आज भारत में एसी की बिक्री प्रतिवर्ष 15-20 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। यह विकास का सूचक है या संकट का – यह प्रश्न हमें स्वयं से पूछना होगा।

ऋतु परिवर्तन का सबसे तीखा असर भारत के मानसून पर पड़ा है। पारंपरिक रूप से मानसून जून के पहले सप्ताह में केरल से प्रवेश करता था और सितंबर तक विदा लेता था। अब यह क्रम बिगड़ चुका है। कभी मानसून देर से आता है और फिर एक साथ इतनी बारिश करता है कि बाढ़ आ जाती है, तो कभी समय पर आकर बीच में ही थम जाता है, जिससे सूखे की स्थिति बनती है।

वर्षा की कुल मात्रा में बहुत अधिक बदलाव नहीं आया है, लेकिन उसके वितरण में भारी असमानता आ गई है। जहाँ पहले 100 दिनों में बारिश होती थी, वहाँ अब 40-50 दिनों में ही उतनी बारिश हो जाती है – और बाकी दिन सूखे रहते हैं। इस 'तीव्र लेकिन अनिश्चित' वर्षा पैटर्न ने कृषि को गहरा नुकसान पहुँचाया है, क्योंकि फसलें न तो अकाल सह सकती हैं, न अतिवृष्टि।

यह स्वीकार करना आवश्यक है कि जलवायु परिवर्तन केवल प्रकृति की करनी नहीं है – यह मानव की अनियंत्रित लालसा और औद्योगिक महत्वाकांक्षा का परिणाम है। जीवाश्म ईंधन का अंधाधुंध जलाना, वनों की अंधी कटाई, कृषि में रासायनिक खादों और कीटनाशकों का अत्यधिक उपयोग, और शहरीकरण की बेलगाम दौड़ – ये सब मिलकर वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन और नाइट्रस ऑक्साइड जैसी ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा बढ़ा रहे हैं।

भारत ने 'पंचामृत संकल्प' के तहत 2070 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है और 2030 तक 50 प्रतिशत ऊर्जा नवीकरणीय स्रोतों से प्राप्त करने का वादा किया है। सौर ऊर्जा में भारत तेजी से आगे बढ़ा है – आज भारत की स्थापित सौर क्षमता 90 गीगावाट से अधिक है। लेकिन नीतियाँ अकेले पर्याप्त नहीं हैं। नागरिकों को भी अपनी जीवनशैली में बदलाव लाना होगा। पेड़ लगाना, पानी बचाना, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करना, मांस की खपत घटाना, और ऊर्जा की बबार्दी रोकना – ये छोटे लगने वाले कदम सामूहिक रूप से बड़ा बदलाव ला सकते हैं। अंत में: प्रकृति के साथ नहीं तो प्रकृति के विरुद्ध हमारे पूर्वजों ने जलवायु को केवल एक भौतिक तत्व नहीं माना था – वे इसे जीवन का आधार मानते थे। अथर्ववेद में पृथ्वी को माता कहा गया है – 'माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः₹ – अर्थात यह धरती हमारी माँ है और हम उसके पुत्र हैं। एक पुत्र अपनी माँ को कष्ट नहीं देता। आज हमारी पीढ़ी इस उक्ति की परीक्षा में खड़ी है। सर्दी का सिकुड़ना और गर्मी का फैलना महज ऋतु-परिवर्तन नहीं है – यह उस संतुलन का टूटना है जिस पर समस्त जीवन टिका है। यदि अभी भी हम नहीं चेते, तो आने वाली पीढ़ियाँ हमें माफ नहीं करेंगी – और न ही यह धरती।

# चुने हुए विधायक की जगह रनरअप को विजेता घोषित किया गया



स्नेहा सिंह
लेखिका

सिर्फ मध्यप्रदेश ही नहीं, बल्कि भारत के राजनीतिक इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि चुने हुए उम्मीदवार को हारा हुआ घोषित कर दिया गया और रनरअप यानी प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर आने वाले उम्मीदवार को विजेता घोषित किया गया।

भारत की राजनीति में दल-बदल नाम का एक वायरस लंबे समय से फैला हुआ है। यहां भी एक ऐसी ही अदला-बदली की कहानी है, जो दिखाती है कि राजनीति में किस्मत का खेल भी बड़ा होता है। देशभर के राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बने इस मामले में भाजपा और कांग्रेस के नेताओं के बीच सत्ता का उतार-चढ़ाव दिलचस्प तरीके से सामने आया है।

एक तरफ भाजपा के उम्मीदवार रामनिवास रावत हैं और दूसरी तरफ कांग्रेस के पूर्व विधायक मुकेश मल्होत्रा। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस के पूर्व विधायक मुकेश मल्होत्रा ने पार्टी बदलकर भाजपा का दामन थाम लिया था। भाजपा ने उन्हें मंत्री बनाने का वादा किया था। इसके बाद उन्हें मध्यप्रदेश में वन विभाग का मंत्री बना दिया गया।

भाजपा में आते ही उन्हें मंत्री पद दे दिया गया, जिसका विरोध करते हुए भाजपा के नेता रामनिवास रावत कांग्रेस में शामिल हो गए। मल्होत्रा के लिए मंत्री पद पर बने रहने के लिए उपचुनाव जीतना जरूरी था।

उपचुनाव में मुकेश मल्होत्रा (भाजपा) और रामनिवास रावत (कांग्रेस) आमने-सामने आ गए। चुनाव में वन मंत्री मुकेश मल्होत्रा जीत गए और भाजपा छोड़कर कांग्रेस में गए रामनिवास रावत हार गए। यह उपचुनाव 2024 में हुआ था। भाजपा की ओर से मैदान में उतरे वन मंत्री मुकेश मल्होत्रा (पूर्व कांग्रेस नेता) ने कांग्रेस के उम्मीदवार बने रामनिवास रावत (पूर्व भाजपा नेता) को लगभग 7000 वोटों से हराया था। मल्होत्रा आदिवासी नेता हैं, जबकि जिस सीट पर चुनाव हुआ वह आदिवासी आरक्षित सीट नहीं थी।

चुनाव जीतने वाले मुकेश मल्होत्रा अब फिर से वन मंत्री बनने की तैयारी कर रहे थे। मध्यप्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार होने वाला था और माना जा रहा था कि मल्होत्रा को फिर से मंत्री बनाया जाएगा।

लेकिन यहीं कहानी में बड़ा मोड़ आ गया। 7000 वोटों से हारने वाले रामनिवास रावत ने ग्वालियर कोर्ट में मल्होत्रा की जीत को चुनौती दी। उन्होंने याचिका दायर कर कहा कि उन्हें हराने वाले उम्मीदवार मल्होत्रा ने नामांकन पत्र में पूरी जानकारी नहीं दी थी।

कोर्ट में उन्होंने कहा कि मल्होत्रा ने अपने खिलाफ दाखिल चार्जशीट और आपराधिक मामलों का उल्लेख फार्म में नहीं किया था। यदि किसी उम्मीदवार ने चार्जशीट वाले आपराधिक मामलों की जानकारी नहीं दी हो, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द की जानी चाहिए।

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की ग्वालियर बेंच ने नामांकन पत्र की जांच करने के बाद 8 मार्च को फैसला सुनाया कि विजेता मुकेश मल्होत्रा ने जानकारी छुपाई थी। इसलिए उनका चुनाव रद्द किया जाए और दूसरे नंबर पर रहे रामनिवास रावत को निर्वाचित घोषित किया जाए।

जिसके पक्ष में फैसला आया, वह रामनिवास रावत पहले भाजपा में ही थे। अब वे फिर से भाजपा में लौटना चाहते हैं और वन विभाग का प्रभार भी मांग रहे हैं।

चुनाव में जीतने वाले उम्मीदवार की जगह किसी कारण से रनरअप को विजेता घोषित करने की घटना बहुत कम देखने को मिलती है। गुजरात में 2021 में अहमदाबाद जिले के साणंद तालुका में ऐसा एक मामला सामने आया था।

उस समय तालुका पंचायत का चुनाव 28 फरवरी को हुआ था और मतगणना से पहले एक महिला उम्मीदवार का निधन हो गया था, जिन्हें चुनाव में विजेता घोषित किया गया था। उस समय रनरअप उम्मीदवार हाईकोर्ट गया और मांग की कि जब नंबर-वन उम्मीदवार नहीं रहे, तो रनरअप को विजेता घोषित किया जाए।

लेकिन कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि रनरअप को विजेता घोषित नहीं किया जा सकता और उस सीट पर फिर से चुनाव कराया जाना चाहिए। मुकेश मल्होत्रा को सुप्रीम कोर्ट जाने के लिए 15 दिनों का समय दिया गया है। चुनावी कानून के तहत मल्होत्रा ने जो गलती की, उसका फायदा रनरअप को मिला है। रामनिवास रावत और मुकेश मल्होत्रा के बीच का यह राजनीतिक संघर्ष अब देशभर में चर्चा का विषय बन गया है।

# अमेरिका के वीजा के लिए आवेदन करने वालों को गैस सिलिंडर नहीं मिलेगा



वीरेंद्र बहादुर सिंह
लेखक

सरकारी बैठक में प्लेट में दो-दो ही पकौड़े परोसे जाते देख अधिकारी पकौड़ा तलने वाले तेल की तरह उबल उठे। 'ये भी कोई तरीका है? मुझे तो चार पकौड़े तो सिर्फ चखने के लिए चाहिए।' साथी अधिकारी ने उन्हें शांत कराते हुए कहा, 'सर, शांति रखिए। आज की बैठक में हम यह तय करने वाले हैं कि गैस की कमी को देखते हुए ठेले पर एक आदमी को सिर्फ दो ही भजिए दिए जाएंगे। इस नीति का अमल हम अपनी आज की बैठक से ही कर रहे हैं।' पहले अधिकारी पकौड़े से भी ज्यादा गरम होकर बोले, 'नॉनसेंस, हमारे यहां लोकतंत्र है। यहां सारे प्रयोग जनता पर ही किए जाते हैं, अधिकारियों पर नहीं।' तीसरे अधिकारी ने समर्थन किया, 'बिलकुल सही बात है। हमारी जनता तो बेकार है। कल उठकर कोई ऐसी मांग कर देगी कि अगर क्रूड की कमी है तो नेताओं और अधिकारियों के काफिलों में कारें कम कर दो। तब हम क्या ऐसा करेंगे? हमारा काम जनता का तेल निकालना है, तेल उपलब्ध कराना नहीं।' चौथे अधिकारी ने आह भरते हुए कहा, 'यार, बिलकुल सही बात है। आज की यह बैठक जनता को गैस सिलिंडर उपलब्ध कैसे कराए जाएं इस एजेंडा पर है। बताओ, जनता को कुछ भी उपलब्ध कराना हमारा एजेंडा कैसे हो सकता है?' दूसरे अधिकारी ने कहा, 'हम क्राइटेरिया ही बहुत कठिन रख देते हैं। यह तय कर देते हैं कि जिन्होंने पिछले दस साल में सरकार की बहुत वाह-वाह की हो, उन्हें ही गैस सिलिंडर में प्राथमिकता मिलेगी।' पहले पकौड़ा-प्रेमी अधिकारी फिर उबल पड़े, 'नहीं चलेगा, बासङ्ग यह क्राइटेरिया नहीं चलेगा। क्योंकि आजकल तो हर कोई सरकार की वाह-वाह ही कर रहा है। जहां नहीं करनी चाहिए वहां भी कर रहा है। अगर यह क्राइटेरिया रखा तो पूरे देश को दस-दस सिलिंडर देने पड़ेंगे।' पांचवें अधिकारी ने कहा, 'सरकार की वाह-वाह वाली बात से मुझे एक आइडिया आया है। ऐसा करते हैं कि जिसने-जिसने यूएस वीजा के लिए आवेदन किया हो, उसे सिलिंडर नहीं मिलेगा। यह सारी परेशानी तो उस ट्रम्प साहब की वजह से खड़ी हुई है, इसलिए यूएस वीजा के लिए आवेदन करने वालों को गैस से वंचित रखकर हम ट्रम्प साहब को खबर पहुंचा देंगे।' छठे अधिकारी ने उत्साह में ताली बजाते हुए कहा, 'वाह, ग्रेट आइडिया।

# धूमधाम से मनाया गया श्री आदिनाथ जन्म तप कल्याणक, श्रद्धा और भक्ति के रंग में रंगा जैन समाज

गुलजार आलम





**रामपुर(वेलकम इंडिया)।** जैन समाज के प्रथम तीर्थंकर भगवान श्री आदिनाथ का जन्म तप कल्याणक शहर के आदिनाथ मंदिर में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में पूरे दिन धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला चलती रही, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

कार्यक्रम की शुरूआत भगवान आदिनाथ की पूजा-अर्चना और विशेष अनुष्ठानों के साथ हुई। इसके बाद भगवान श्रीजी की भव्य रथ यात्रा निकाली गई, जिसमें रथ पर भगवान की प्रतिमा के साथ समीर जैन विराजमान रहे, जबकि सारथी की भूमिका भारत भूषण जैन ने निभाई। रथ यात्रा के आगे-आगे मंगल कलश लेकर डॉ. शीनू जैन चल रही थीं। पूरे मार्ग में श्रद्धालु भक्ति गीतों के साथ भगवान आदिनाथ के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे, जिससे वातावरण पूरी तरह धार्मिक आस्था से सराबोर हो गया। इसी अवसर पर आदिनाथ मंदिर के समीप श्री आदिनाथ भगवान वाटिका का भी उद्घाटन किया गया। इस वाटिका का शुभारंभ शहर विधायक आकाश सक्सेना की पत्नी गुंजन सक्सेना के करकमलों द्वारा किया गया। वाटिका के उद्घाटन के साथ ही श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और इसे भगवान आदिनाथ की स्मृति में एक सुंदर आध्यात्मिक स्थल के रूप में विकसित करने की बात कही गई। कार्यक्रम के दौरान भगवान आदिनाथ की शांति धारा अलका जैन, प्रेरित जैन और मुकेश जैन सेठी द्वारा की गई। इस अवसर पर संघ सहित विराजमान माताजी ने श्रद्धालुओं को प्रवचन देते हुए कहा कि भगवान आदिनाथ जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर हैं और उनका जीवन त्याग, तपस्या और अहिंसा का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याणक जैन समाज के लिए अत्यंत पावन अवसर है, जिसे पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाना चाहिए। शाम को मंदिर परिसर में विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए। भक्तों ने भगवान को पालना झुलाकर अपनी श्रद्धा अर्पित की, वहीं 1008 दीपकों से भगवान आदिनाथ की भव्य आरती की गई। दीपों की रोशनी और भक्ति गीतों के बीच मंदिर परिसर का दृश्य अत्यंत मनमोहक और आध्यात्मिक वातावरण से परिपूर्ण दिखाई दिया। इस अवसर पर दिनेश जैन सेठी, प्रमोद जैन, डॉ. ज्ञानेंद्र जैन, अलका जैन, डॉ. शीनू जैन, दिनेश जैन, सर्वेश जैन, सीमा जैन, भारत भूषण जैन, विनोद बिहारी जैन, मिथिलेश जैन, समीर जैन, विशाल जैन, आशीष जैन, महेश जैन, शिखर चंद जैन, बीना जैन, सुमन जैन सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर भगवान श्री आदिनाथ के जन्म कल्याणक को हर्षोल्लास के साथ मनाया।

# मेड़ता पीठाधीश्वर ने श्री पीताम्बरा आश्रम का अवलोकन किया,

## आध्यात्मिक पुनर्जागरण में समर्पित भूमिका से आगे आएं - संत श्री रामकिशोर जी महाराज

वेलकम इंडिया ब्यूरो





**बाँसवाड़ा।** 12 मार्च/आध्यात्मिक चिन्तक एवं रामस्नेही सम्प्रदाय के मेड़ता पीठाधीश्वर संत श्री रामकिशोर जी महाराज ने धर्म-अध्यात्म और सनातन संस्कृति की परम्पराओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सामूहिक एवं समर्पित प्रयासों पर बल दिया है और कहा है कि इस दिशा में हरसंभव सहभागिता से आगे आना वर्तमान समय की सर्वोपरि आवश्यकता है। तभी आध्यात्मिक पुनर्जागरण के संकल्पों को शीघ्र साकार किया जा सकेगा। संत श्री रामकिशोर जी महाराज ने गायत्री मण्डल द्वारा संचालित श्री पीताम्बरा आश्रम में धर्म चेतना चर्चा समागम में यह उद्गार व्यक्त किए। इस अवसर पर प्रमुख संत श्री रामनिवास जी शास्त्री महाराज तथा गायत्री मण्डल के संरक्षक एवं बड़ा रामद्वारा बांसवाड़ा के संत श्री रामप्रकाश रामस्नेही जी महाराज ने भी विचार व्यक्त किए। संत श्री रामकिशोर जी महाराज एवं संत महानुभावों ने श्री पीताम्बरा आश्रम पहुंचकर देव प्रतिमाओं के दर्शन किए और आश्रम के विभिन्न कक्षों व परिसरों, सुविधाओं आदि का अवलोकन किया और अल्प समय में आश्रम के विकास एवं विस्तार में उल्लेखनीय प्रगति के लिए मण्डल की पूरी टीम की प्रशंसा की। मेड़ता पीठाधीश्वर संत श्री रामकिशोर जी महाराज ने गायत्री मण्डल द्वारा संचालित विभिन्न नित्य, नैमित्तिक एवं उत्सवी गतिविधियों, अनुष्ठानों, यज्ञार्चन आदि के नियमित होने वाले प्रयोगों तथा निष्काम अनुष्ठानों पर प्रसन्नता व्यक्त की और प्राच्यविद्याओं से संबंधित प्रशिक्षणों, शोध प्रवृत्तियों, ज्योतिष एवं पुरातन विद्याओं से संबंधित जागरुकता आयोजनों आदि को समाज, अंचल एवं जिज्ञासुओं तथा भक्तों के लिए महत्त्वपूर्ण बताया।

### सनातन संस्कृति संवहन का केन्द्र

प्रसिद्ध कथावाचक एवं मेड़ता रामस्नेही.पीठ के उत्तराधिकारी संत श्री रामनिवास शास्त्री महाराज ने धार्मिक एवं आध्यात्मिक गतिविधियों को लोक जागरण के साथ ही मानवीय मूल्यों के विस्तार की दिशा में सार्थक स्तंभ बताया। उन्होंने कहा कि सनातन परम्पराओं एवं संस्कृति के संवहन की दृष्टि से गायत्री मण्डल का यह आश्रम प्रमुख केन्द्र बनकर उभरेगा।

### मण्डल की जानकारी से अवगत कराया

गायत्री मण्डल के संरक्षक, बड़ा रामद्वारा के संत श्री रामप्रकाश रामस्नेही जी महाराज ने मण्डल की स्थापना से लेकर संस्थापक अध्यक्ष ब्रह्मर्षि पं. महादेव शुक्ल के अनथक प्रयासों, मण्डल के कार्यकलापों, श्री पीताम्बरा आश्रम की गतिविधियों एवं उपलब्धियों पर विस्तार से जानकारी दी।

### प्राच्यविद्या संदर्भ ग्रंथालय देखा, सराहा

मेड़ता पीठाधीश्वर संत श्री रामकिशोर जी महाराज ने श्री पीताम्बरा आश्रम में गायत्री मण्डल द्वारा संचालित प्राच्यविद्या संदर्भ ग्रंथालय का अवलोकन किया और इसमें संग्रहित प्राच्य साहित्य एवं दुर्लभ ग्रंथों का अवलोकन किया और इसे लोढ़ी काशी का विलक्षण ज्ञान भण्डार निरूपित किया। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ ग्रंथालय से पुरातन विधाओं और लुप्त प्रायः विद्याओं के जिज्ञासुओं, शोधार्थियों एवं प्रयोगकताओं को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर संत श्री रामनिवास शास्त्री एवं संत श्री रामप्रकाश जी रामस्नेही महाराज तथा सामाजिक चिन्तक श्री प्रकाश भावसार ने इसे वागड़ अंचल के लिए बहुत बड़ी उपलधि बताया और कहा कि इससे आने वाली पीढ़ियां तक दुर्लभ ज्ञानराशि की जानकारी पहुंचती रहेगी। आरंभ में गायत्री मण्डल के आजीवन सदस्य सुनील दोसी, कोषाध्यक्ष अनन्त जोशी, आश्रम के कार्यक्रम समन्वयक साबर मंत्र विशारद पं. मनोज नरहरि भट्ट शास्त्री, आश्रम सेविका श्रीमती शारदा मईड़ा आदि ने संत वृन्द का स्वागत किया।

# अलविदा नमाज को लेकर सफाई व्यवस्था दुरुस्त रहे सना खानम मामून



गुलजार आलम

**रामपुर(वेलकम इंडिया)।** नगर पालिका अध्यक्ष ने आगामी पर्वों अलविदा, ईद, चैत्रनवरात्रि, और श्री रामनवमी के दृष्टिगत अपने निवास स्थित शिविर कार्यालय पर एक बैठक आहूत की। इस बैठक में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने हेतु सफाई निरीक्षक और मुख्य सफाई निरीक्षक को निर्देश दिए गए कि उक्त पर्वों पर नगर के सभी धार्मिक स्थलों मंदिर एवं मस्जिद के आसपास समुचित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, चूना पड़वाने की व्यवस्था की जाए, धार्मिक स्थलों के पास विशेष सफाई व्यवस्था एवं चूना पड़वाने की व्यवस्था की जाए, और धार्मिक स्थलों के पास प्रकाश व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही पथ प्रकाश निरीक्षक को पथ प्रकाश व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए और जलकल अभियंता को पानी की निर्वाध आपूर्ति हेतु निर्देशित किया गया। यदि विद्युत व्यवस्था बाधित होती है तो जेनरेटर के माध्यम से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में स्टैनो विलसन कुमार, प्रकाश निरीक्षक श्री अरुण, जलकल अभियंता श्री मूल चन्द, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री दिलशाद हसन, सफाई निरीक्षक अविनाश, सफाई निरीक्षक द्वारिकानाथ, सफाई निरीक्षक राजीव वालियान, और सफाई निरीक्षक मुकेश आदि उपस्थित थे।

# पुलिस प्रशिक्षण केंद्र पिलखुवा का डीजी ट्रेनिंग ने किया निरीक्षण, रिक्रूट आरक्षियों की प्रशिक्षण व्यवस्था परखी



राजेंद्र सिंह

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** पुलिस विभाग के प्रशिक्षण तंत्र को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से डीजी ट्रेनिंग राजीव सभरवाल ने पुलिस अधीक्षक के साथ थाना पिलखुवा क्षेत्र में स्थित पुलिस प्रशिक्षण केंद्र का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण ले रहे रिक्रूट आरक्षियों की दिनचर्या और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान डीजी ट्रेनिंग ने प्रशिक्षण केंद्र में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने बैरिक, मैस, क्लास रूम तथा मनोरंजन कक्ष सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई, भोजन की गुणवत्ता और अन्य व्यवस्थाओं को परखा। उन्होंने प्रशिक्षण ले रहे रिक्रूट आरक्षियों से बातचीत कर उनके प्रशिक्षण कार्यक्रम और दिनचर्या की जानकारी भी ली। साथ ही प्रशिक्षण को और अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# मुगलपुरा पुलिस ने हनी ट्रैप गैंग का किया खुलासा 5 सदस्यों को किया गिरफ्तार



वेलकम इंडिया ब्यूरो

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद में थाना मुगलपुरा पुलिस ने एक हनी ट्रैप गैंग का पदार्फाश किया है, जिसमें 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में रिहाना, चांद बी, इलमा, शगुफ्ता और सुलेमान शामिल हैं। पुलिस ने उनके पास से 10 हजार रुपये नकद और 3 मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार, यह गैंग लोगों को फंसाकर उनसे पैसे ऐंठता था। वे लोगों को अपने जाल में फंसाकर उनके साथ मारपीट करते थे, उनके कपड़े उतारकर वीडियो बनाते थे और फिर उन्हें ब्लैकमेल कर पैसे मांगते थे।

गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ थाना मुगलपुरा पर मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह के निदेर्शानुसार पुलिस ने अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया था, जिसमें यह सफलता मिली है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ की जा रही है और उनके अन्य साथियों की तलाश की जा रही है।

# सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी का होली उत्सव धूमधाम से संपन्न, महिला दिवस पर प्रतिभाओं का सम्मान

गुलजार आलम



**रामपुर(वेलकम इंडिया)।** सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी की ओर से शगुन मंडप में होली उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और रंगारंग कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में शहर की सामाजिक हस्तियों और सोसाइटी के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। समारोह की मुख्य अतिथि शहर विधायक आकाश सक्सेना की पत्नी गुंजन सक्सेना रहीं, जिनका आयोजकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

होली के रंगों और खुशियों से सराबोर इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस और होली उत्सव के अवसर पर समाज में विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।

इनमें वंदना सहगल, सुभी गुप्ता, शिवांगी कपूर, शीतू ग्रोवर, अंकिता सिंघल, लायंस क्लब लेओना ग्रेटर की अनुश्री अग्रवाल, नयना कक्कड़ गुप्ता, प्रीति खनेजा, सुमन जॉली और ऋचा अग्रवाल को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन शिप्रा गोयल ने बेहद शानदार और प्रभावशाली अंदाज में किया, जिससे पूरे आयोजन में उत्साह और जीवंतता बनी रही।

समारोह में मनोरंजन के लिए कैटवॉक प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न प्रतिभागियों और कपल्स को अलग-अलग श्रेणियों में सम्मानित किया गया। इसमें डॉ. अजय सिंगर और मुक्ति सिंघल को बेस्ट एंटरटेनर, राजीव अग्रवाल और अर्चना अग्रवाल को पावर कपल, रमेश अग्रवाल और ऋचा अग्रवाल को गोल्डन जुबली कपल, पारस जिंदल और पारुल जिंदल को सिल्वर जुबली कपल, सुधीर अग्रवाल और प्रीति अग्रवाल को पावर कपल, सौरभ गोयल और शिप्रा गोयल को बेस्ट एंटरटेनर कपल, विवेक अग्रवाल और शालिनी अग्रवाल को एवरग्रीन कपल, तथा अश्विनी पावा और मोहिनी पावा को बेस्ट एवरग्रीन कपल चुना गया।

इसके अलावा रामपुर के मशहूर यूट्यूबर कमल किंग और अर्थव को भी उनके रचनात्मक कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में रामपुर के प्रसिद्ध गायक बादशाह ने अपनी शानदार प्रस्तुति से समां बांध दिया। उनके गीतों पर सोसाइटी के सदस्यों ने जमकर नृत्य किया और पूरे कार्यक्रम में उत्साह का माहौल बना रहा।

रंग, संगीत और सम्मान से सजे इस आयोजन ने होली के त्योहार को और भी यादगार बना दिया। सोसाइटी के सदस्यों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में आपसी भाईचारे, उत्साह और सकारात्मकता का संदेश देते हैं। इस मौके पर सुमित अग्रवाल, एसके गुप्ता, डीडी जोली, नरेश सिंघल, दिलीप रस्तोगी, रमेश अग्रवाल, सोनिया गुप्ता, अलका जैन, रानी गुप्ता, नीता जैन, ऋचा अग्रवाल, सोनल अग्रवाल आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# एलपीजी गैस की बढ़ती कीमतों के विरोध में 14 मार्च को कांग्रेस का प्रदेशव्यापी प्रदर्शन

राजेंद्र सिंह



**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों और आम जनता को सिलेंडर उपलब्ध न होने की समस्या को लेकर कांग्रेस पार्टी 14 मार्च को उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में विरोध प्रदर्शन करेगी।

इस संबंध में कांग्रेस नेता विक्की शर्मा ने कहा कि प्रदेश के हर जिले में पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी बड़ा प्रदर्शन करेंगे तथा सरकार का ध्यान जनता की समस्याओं की ओर आकर्षित करेंगे।

विक्की शर्मा ने कहा कि इस समय गैस सिलेंडर की समस्या काफी गंभीर हो चुकी है। घरेलू रसोई से लेकर होटल व्यवसाय तक इस समस्या का असर साफ दिखाई दे रहा है।

उन्होंने कहा कि ठेला-पटरी लगाकर अपना गुजर-बसर करने वाले छोटे व्यापारियों को भी गैस सिलेंडर की कमी के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस समय शादी-विवाह का सीजन भी चल रहा है, ऐसे में गैस सिलेंडर की उपलब्धता और बढ़ती कीमतों ने आम लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं।

कांग्रेस नेता ने शासन-प्रशासन से मांग की कि इस समस्या पर तत्काल ध्यान दिया जाए, ताकि जल्द से जल्द हालात सामान्य हों और जनता को राहत मिल सके।

# योग हमारे जीवन में सबसे अधिक महत्वपूर्ण हो गया है : दीपक सरोहा

नितिन शर्मा




**चांदपुर(वेलकम इंडिया)।** शकुंतला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अंतर्गत चल रहे ग्राम हीमपुर बुजुर्ग में सात दिवसीय शिविर का छठा दिन रहा। शिविर कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनोज कुमार के निर्देशन में चल रहा है। सर्वप्रथम मां सरस्वती के समक्ष प्राचार्य डॉ एच .जी. पाठक, मुख्य वक्ता योग शिक्षक दीपक सरोहा और कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार, हर्षित अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रचलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ एच.जी.पाठक ने सभी विद्यार्थियों को मानसिक रूप से और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए इसे जरूरी बताया।

योग शिक्षक दीपक सरोहा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग हमारे जीवन में सबसे अधिक महत्वपूर्ण हो गया है आज यदि हम स्वस्थ नहीं रहेंगे तो बाकी सभी उपलब्धियां हमारे लिए व्यर्थ है हम कितने भी पद, प्रतिष्ठा, ऐश्वर्य प्राप्त कर ले लेकिन इन सब का आधार स्वास्थ्य ही है। योग, आसन, प्राणायाम ये हमारे जीवन को आनंदित रखने, सुखी रखने , स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। महर्षि पतंजलि द्वारा प्रतिपादित अष्टांग योग को प्राचीन काल से ही हमारे महान ऋषि, योगी आदि अपने जीवन में अपनाते आ रहे है।मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक शक्ति को बढ़ाने का काम करता है। हम जीवन में आगे तभी बढ़ सकते हैं जब हम मन से और शरीर से पूर्ण स्वस्थ होंगे। स्वस्थ रहने के लिए योग शिक्षक दीपक सरोहा ने सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वीरभद्रासन, उद्घाटन, वज्रासन, मंडूकासन आदि प्राणायाम में भस्त्रिका प्राणायाम, अनुलोम विलोम प्राणायाम, कपालभाती प्राणायाम, उज्जयी प्राणायाम आदि का अभ्यास कराया। आगे बढ़ने का यही मूल मंत्र है।

# हापुड़ में सपा नेता जावेद शाहिद जड़ोदिया की रोजा-इफ्तार पार्टी में उमड़ा जनसैला

राजेंद्र सिंह



**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद जावेद शाहिद जड़ोदिया द्वारा मंगलवार को बुलंदशहर रोड स्थित नवाब पैलेस में भव्य रोजा-इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रोजेदारों, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने शिरकत कर एक साथ इफ्तार किया और आपसी भाईचारे व सौहार्द का संदेश दिया।इस अवसर पर उत्तराखंड से पधारे इस्लामिक स्कॉलर मुफ्ती शमून कासमी विशेष रूप से कार्यक्रम में शामिल हुए। इफ्तार पार्टी में समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर, पूर्व विधायक गजराज सिंह, पूर्व हस्तिनापुर विधायक योगेश वर्मा, बसपा जिलाध्यक्ष डॉ. ए.के. कर्दम (हापुड़), बसपा प्रत्याशी विपिन दीवान, किसान यूनियन देश हित के राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजीत चौधरी, भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष यूसुफ चौधरी, सपा प्रत्याशी नैना सिंह (गढ़मुक्तेश्वर-60), योजना सभा के जिला अध्यक्ष संजय गहलोत, स्टूडेंट सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष पियूष बाल्मीकि, प्रदेश सचिव कुणाल बाल्मीकि, डीपीए के जिला उपाध्यक्ष अयूब सिद्दीकी, शिक्षक सभा के जिला अध्यक्ष राजेश यादव, कुंवर पाल यादव, कुंवर चौहान सहित कई प्रमुख नेताओं ने उपस्थिति दर्ज कराई।इसके अलावा मोहम्मद आकिल चौधरी, मोहम्मद यूसुफ शाहिद जड़ोदिया, मोहम्मद नवेद शाहिद जड़ोदिया, मोहम्मद रहमान जब्बार त्यागी, अधिवक्ता सभा के अध्यक्ष एडवोकेट बिलाल सैफी, सपा नेता एडवोकेट रिजवान चौधरी, आदिल सिद्दीकी, महेश कुमार (टायर वाले), श्याम सुंदर गुरुजी, पुरुषोत्तम वर्मा, पीयूष मतोंडिया तथा पूर्व जिला अध्यक्ष किशन सिंह तोमर सहित शहर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।भाजपा जिला अध्यक्ष कविता माधरे किसी कारणवश कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सकीं, इसलिए उन्होंने अपने पुत्र को प्रतिनिधि के रूप में कार्यक्रम में भेजा।इफ्तार के बाद सभी रोजेदारों ने सामूहिक रूप से नमाज अदा कर देश में अमन-शांति, तरक्की और भाईचारे की दुआ मांगी। इस मौके पर मोहम्मद जावेद शाहिद जड़ोदिया ने सभी मेहमानों का स्वागत करते हुए कहा कि इंसानियत की सेवा करना सबसे बड़ा नेक काम है। रमजान का महीना आपसी भाईचारे, प्रेम और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति निस्वार्थ भाव से इंसान की सेवा करता है, उसे दिली सुकून मिलता है।उन्होंने बताया कि यह आयोजन मरहूम हाजी शाहिद जड़ोदिया की याद में किया गया। इस अवसर पर परिवार के सदस्य हाजी सईद जड़ोदिया, हाजी शकील जड़ोदिया, हाजी हसीन जड़ोदिया और हाजी जाहिद जड़ोदिया भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने समाज में आपसी सौहार्द, भाईचारे और एकता बनाए रखने का संकल्प लिया।नवाब पैलेस, हापुड़ में आयोजित रोजा-इफ्तार पार्टी में विभिन्न दलों के नेता, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने आई.आई.टी. मद्रास में एक अनूठे स्पिरिचुएलिटी-साइंस रिसर्च सेंटर का उद्घाटन किया








वेलकम इंडिया संवाददाता

**चैन्नई।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (IIT) मद्रास में एक खास मौके पर, विश्व-विख्यात आध्यात्मिक गुरु और आई.आई.टी. मद्रास के पूर्व स्टूडेंट संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने 10 मार्च, 2026 को अपने नाम पर बने सेंटर फॉर एडवांस्ड रिसर्च इन स्पिरिचुअलिटी, साईंस एंड सोसाइटी का उद्घाटन किया। यह ऐतिहासिक पहल पूरे भारतवर्ष में अपनी तरह की पहली कोशिश है, जिससे यह पता लगाया जाएगा कि आध्यात्मिक ज्ञान वैज्ञानिक तरक्की का कैसे मार्गदर्शन कर सकता है। विज्ञान, इंजीनियरिंग और आध्यात्मिकता के क्षेत्रों को एक साथ लाकर, यह सेंटर नैतिक मूल्यों के माध्यम से नई खोजों का पता लगाने, उन पर रिसर्च करके इंसानियत की बेहतरी के लिए मुख्य केन्द्र के तौर पर काम करेगा। इसमें शोर-शराबे से दूर एक ध्यान-अभ्यास कक्ष के अलावा आध्यात्मिकता और ध्यान-अभ्यास के पीछे के विज्ञान के बारे में जानने के लिए एक खास पुस्तकालय भी है। संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने अपने पुराने शिक्षा संस्थान में आकर 'इंजीनियरिंग योर इनर पीस' विशय पर एक प्रेरणादायक संदेश दिया, जिससे कि यहां उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे देशभर के युवाओं को मार्गदर्शन मिला। कार्यक्रम की शुरूआत में आई.आई.टी मद्रास के डीन प्रो. अश्विन महालिंगम जी और आई.आई.टी. मद्रास के निर्देशक प्रो. वी. कामकोटी जी ने संत राजिन्दर सिंह जी महाराज का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने संत राजिन्दर सिंह जी महाराज को 'ईमानदारी और नैतिक मूल्यों को वैज्ञानिक तरक्की की दिशा में एक मजबूत कदम उठाने' के लिए धन्यवाद दिया। आई.आई.टी. मद्रास के रिसर्च पार्क में खचाखच भरे डी-7 ऑडिटोरियम में बोलते हुए, संत राजिन्दर सिंह जी महाराज, जिन्होंने 1967 में आई.आई.टी. मद्रास से इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बी.टेक. की डिग्री हासिल की, ने अपने संबोधन में इस ऐतिहासिक शुरूआत के बारे में बात करते हुए मन की शांति को पाने के कई तरीके बताए। संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने कहा कि, 'यहाँ वापस आकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। यहाँ से उच्च शिक्षा प्राप्त करने की वजह से मेरा आई.आई.टी. मद्रास से एक खास लगाव है। विज्ञान और आध्यात्मिकता एक ही सिक्के के दो पहलू हैं, इसलिए हमें सेंटर फॉर साईंस, स्पिरिचुअलिटी एंड सोसाइटी की शुरूआत करते हुए बेहद खुशी हो रही है।' उन्होंने आगे कहा कि, जैसे इंजीनियर किसी चीज को विकसित करने के लिए नए नियमों का पालन करते हैं, ठीक इसी तरह अपनी आत्मा की शांति के लिए किए गए ध्यान-अभ्यास के प्रयोग, प्रमाण और इसके परिणाम भी इससे अलग नहीं है। आज दुनियाभर में चारों ओर बहुत ही उच्च किस्म का तकनीकी विकास हो रहा है लेकिन इसके बावजूद क्या हम अपने मन को शांत रखने में कामयाब हुए हैं?



अपने संबोधन में संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने बताया कि कैसे ध्यान-अभ्यास मन की शांति को पाने और तनाव को कम करने का एक आसान और प्रभावशाली रास्ता है, जिससे कि हम एक शांत और खुशहाल जिंदगी जी सकते हैं। अपनी वैज्ञानिक पृष्ठभूमि से, संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने व्यावहारिक जीवन से उदाहरण देते हुए इंजीनियरिंग की भाषा का इस्तेमाल करके फैकल्टी और स्टूडेंट्स को आध्यात्मिकता के प्रैक्टिकल टिप्स और टूल्स दिए। संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने आगे कहा कि जैसे एक इंजीनियर ठोस और पक्के नतीजों तक पहुँचने और नई खोज करने के लिए वैज्ञानिक तर्क और वास्तविक तरीकों का इस्तेमाल करते हैं, ठीक वैसे ही ध्यान-अभ्यास भी एक वैज्ञानिक औजार की तरह हमें ठोस और पक्के नतीजे देता है। जब हम इसका प्रतिदिन अभ्यास करते हैं तो इसके जरिये हम खुद को आत्मिक रूप में जानने और प्रभु को पाने का सही तरीका अपनाते हैं। यह हमें अंदर की शांति और खुशी का अनुभव कराता है। अपने संबोधन को जारी रखते हुए उन्होंने आगे कहा कि, 'विज्ञान ऐसी किसी भी चीज को नहीं मानता जिसे साबित न किया जा सके। जैसे जब हम विज्ञान में ठोस नतीजों तक पहुँचने के लिए प्रयोग करते हैं, ठीक वैसे ही हम ध्यान-अभ्यास में भी करते हैं।

## जहां आबकारी डालती है दिनों रात डेरा वही से शुरू होती है प्रतिदिन अवैध शराब का खेला





धनदयाल पांडेय

**कुशीनगर(वेलकम इंडिया)।** जिले के ईमानदार कप्तान केशव कुमार के द्वारा तस्करी पर। पूर्ण रूप से विराम लगाने की सोच रहे हैं लेकिन आबकारी विभाग के इंस्पेक्टर अभिषेक चौहान तथा कांस्टेबल कृपा शंकर दुबे के संरक्षक में प्रतिदिन लगभग शराब की हर भट्टीयों से पिकअप बोलेरो मोटरसाइकिल तथा जलमार्ग के रास्ते हजारों लीटर की संख्या में शराब की तस्करी करने वाले तस्कर रात के अंधेरे से लेकर दिन के उजाले तक बिहार को पहुंचाते हैं और आबकारी की कानों में जूं तक भी नहीं रेंगती ऐसा लोगों द्वारा बताया जा रहा है आबकारी विभाग की कार्यशैली पर क्षेत्र में चचाएं तमाम है।

जानकारी के मुताबिक तमकुही राज सर्कल के देसी अंग्रेजी शराब की लगभग सभी भट्ठीयो इनका मंथली बंधा हुआ है और हर महीना पैसा इनके पास पहुंच जाता है क्योंकि आबकारी अधिकारियों ने तस्करों को खुली छूट जो दे रखी है।

यह बात अलग है कि पुलिस कभी-कभी दिखावे के लिए लाठियां भाजना शुरू कर देती है लेकिन या कभी सुनने में नहीं आया है कि आबकारी ने कभी किसी शराब की भठ्ठी तथा तस्करों पर कार्रवाई की हो सबसे ज्यादा शराब की तस्करी यूपी बिहार की बॉर्डर बहादुरपुर अहिरौली दान डिबनी बंजारवा रामपुर बंगरा सेवरही लगवा चट्टी आदि शराब की भठ्ठीयो से होती हैं इस अब शराब तस्करी के संबंध में आबकारी इंस्पेक्टर अभिषेक चौहान से बात करने की कोशिश की तो उन्होंने फोन को महत्वपूर्ण न समझकर फोन रिसीव नहीं किया।

## रमजान में तरावीह के दौरान कुरआन की हुई मुकम्मल तिलावत, हाफिज मोहम्मद नोमान खान का हुआ सम्मान

फतेह खान



**रुदौली(वेलकम इंडिया)।** भेलसर मोहल्ला तकिया में स्थित मस्जिद सैय्यदना अबू बकर रज़ि. में माह-ए-रमजान के मुबारक मौके पर तरावीह की नमाज के दौरान हाफिज मोहम्मद नोमान खान साहब किब्ला ने मुकम्मल कुरआन पाक सुना कर नमाज़ियों के दिलों को रौशन कर दिया। कुरआन की तिलावत सुनकर मौजूद मोमिन भाइयों के दिलों को सुकून और रूहानी खुशी हासिल हुई। इस बाबरकत और मसर्रत भरे मौके पर भेलसर तकिया में आयोजित कार्यक्रम में हाफिज मोहम्मद नोमान खान साहब की इल्मी और दीनि खिदमतों के लिए उन्हें सम्मानित किया गया।

रुदौली नगर पालिका परिषद के चेयरमैन प्रतिनिधि जब्बार अली ने उन्हें फूलों की माला पहनाकर सम्मानित किया, वहीं तारिक शरबती ने शॉल ओढ़ाकर उनका इस्तकबाल किया और मुबारकबाद पेश की।

इस अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि जब्बार अली ने सभी लोगों को रमजान की मुबारकबाद देते हुए कहा कि कुरआन पाक की तिलावत सुनने और पढ़ने से दिलों को सुकून मिलता है और इंसान के अंदर नेकी की भावना पैदा होती है। उन्होंने हाफिज मोहम्मद नोमान खान की सेवाओं की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और नमाजी मौजूद रहे।

अंत में मुल्क में अमन व सलामती और पूरी उम्मत की भलाई के लिए खास दुआ की गई। साथ ही अल्लाह तआला से दुआ की गई कि वह माह-ए-रमजान उल मुबारक में हम सभी की इबादतों को कुबूल फरमाए और ज्यादा से ज्यादा नेक काम करने की तौफीक अता करे।

## बीआरसी नेकपुर पर प्राथमिक शिक्षक संघ की समीक्षा बैठक आयोजित



वेलकम इंडिया संवाददाता

**टाण्डा(रामपुर)।** बृहस्पतिवार को बीआरसी नेकपुर,ब्लाक भगतपुर-टाण्डा पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

जिसकी अध्यक्षता शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष डा. नीरज शर्मा द्वारा की गई। जिला अध्यक्ष द्वारा ब्लॉक भगतपुर-टाण्डा की बैठक में संघ के बैनर तले शिक्षक हित में किये गये कार्यों की समीक्षा की गई एवं अगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गयी। जिला मंत्री धर्मेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा भी बैठक में अपने विचार रखे गये। बैठक में जिला संगठन मंत्री कुलदीप शर्मा, सुधीर कुमार, अनिल गिल, केपी, प्रणव पाठक, चन्द्रभान सिंह, छोटे सिंह, नवनीत विश्नोई, सुभाषचन्द्र, शमीम बेग, सुदेश कुमार, सतीश शर्मा, पारुल जैन, मुकेश आनंद और सौरम प्रसून आदि शिक्षक औजूद रहे। टीम भगतपुर द्वारा जिलाध्यक्ष जी को स्मृति चिन्ह भेट कर कार्यक्रम का समापन किया गया। बैठक का संचालन अनंत सिद्धू द्वारा किया गया।

## नव-निर्मित वैदिक यज्ञशाला अडींग में 150 कुण्डीय वैदिक महायज्ञ 14-15 मार्च को

वेलकम इंडिया संवाददाता




**मथुरा(गोवर्धन)।** आर्य समाज मंदिर अडींग में आर्य समाज की स्थापना के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में तथा नव-निर्मित वैदिक यज्ञशाला के उद्घाटन के अवसर पर 14 और 15 मार्च 2026 को दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत 150 कुण्डीय वैदिक महायज्ञ एवं भारतीय संस्कृति ज्ञान सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तर प्रदेश के प्रधान आचार्य स्वदेश जी महाराज होंगे। इस अवसर पर वृन्दावन गुरुकुल के अधिष्ठाता एवं आर्यवीर दल उत्तर प्रदेश के प्रधान पंकज आर्य, उप प्रतिनिधि सभा मथुरा के प्रधान विपिन बिहारी शास्त्री, स्वामी महेन्द्रानन्द सरस्वती (शाहजहाँपुर) तथा आर्य भजनोपदेशक कुं. उदयवीर सिंह सहित अन्य विद्वान अपने विचार व्यक्त करेंगे।

आयोजकों के अनुसार नव-निर्मित यज्ञशाला का उद्देश्य प्राचीन वैदिक परम्पराओं का संरक्षण एवं संवर्धन करना है। यज्ञ को केवल धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं बल्कि वातावरण को शुद्ध करने और मानसिक शांति प्रदान करने वाली प्रक्रिया भी माना जाता है। औषधियों एवं घी की आहुतियों से वातावरण पवित्र और सुगन्धित होता है, जिससे पर्यावरण शुद्धि में भी सहायता मिलती है।

उल्लेखनीय है कि महर्षि दयानंद सरस्वती ने 10 अप्रैल 1875 को मुंबई के गिरगांव में आर्य समाज की स्थापना की थी। इसका उद्देश्य वैदिक धर्म का पुनरुत्थान तथा समाज से कुरीतियों को दूर करना था।

आर्य समाज अडींग के कार्यकर्ता शिवदीप अग्रवाल ने क्षेत्र के धर्मप्रेमी नागरिकों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर यज्ञ में भाग लेने की अपील की है।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

वेलकम इंडिया संवाददाता



**बिजनौर।** भारतीय जनता पार्टी के पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत नूरपुर नगर के परि गार्डन मैरिज हाल मे मंडल स्तरिय दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन हुआ।

जिसका शुभारंभ पूर्व विधायक डॉ. इन्द्रदेव सिंह व पूर्व राज्य मन्त्री महावीर सिंह, मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल ने भारत माता एव पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। डॉ. इन्द्रदेव सिंह ने प.दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर प्रकाश डाला। भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बोबी ने कार्यकर्ताओ से सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओ को आम आदमी तक पहुंचाने का आव्हान किया। मंच का संचालन मंडल महा मन्त्री वीरप्रकाश सिंह भुइयार ने किया। मंडल स्तरिय प्रशिक्षण कार्यशाला मे क्षेत्रीय मन्त्री हरजिंदर कौर, ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान, राशु चौहान, मंडल अध्यक्ष नूरपुर निशांत कर्णवाल, भाजपा नेता कवीश राणा, डॉ विनित देवरा, डीसीएफ चैयरमैन पुष्पेन्द्र शेखावत, मंडल मंत्री राहुल यादव, सुधीर चौहान, प्रमोहन चौहान, जीतू भुइयार, प्रेमपाल रवि, गजेंद्र सिंह, प्रदीप राणा, राजेश चौहान, सतीश कुमार, मीडिया प्रभारी बिजेंद्र सिंह, सैक्टर संयोजक हितेंद्र सिंह, डॉ शीला राणा, कमलेश प्रजापति, शिवांगी ठाकुर, धर्मेंद्र जोशी, जुगनु चौधरी, ईशमपाल चौधरी, जागेश शर्मा, विवेक चौधरी, पुनित चौधरी, हरभजन सिंह आदी भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हापुड़ में बैटरी कारोबारी की गला रेतकर हत्या, गोदाम में मिला शव

राजेंद्र सिंह



**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** थाना बाबूगढ़ क्षेत्र में बुधवार देर रात एक बैटरी कारोबारी की गला रेतकर हत्या कर दी गई। गुरुवार सुबह गोदाम में शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई और मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।जानकारी के अनुसार विनोद कुमार (42) निवासी संस्कार कॉलोनी, बाबूगढ़ छावनी, बछलोता रोड स्थित अपनी अभय इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान के गोदाम में रात के समय सो रहे थे।

आरोप है कि देर रात किसी अज्ञात व्यक्ति ने धारदार हथियार से उनका गला रेतकर हत्या कर दी। गुरुवार सुबह जब गोदाम में उनका शव पड़ा मिला तो घटना की जानकारी आसपास के लोगों को हुई, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

हत्या की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के परिवार में पत्नी रेखा और दो बेटे अभिषेक व अभय हैं। वहीं पिता शीशराम का रो-रोकर बुरा हाल है।

सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक Gyananjay Singh, क्षेत्राधिकारी सिटी Varun Kumar Mishra तथा थाना प्रभारी Munish Pratap Singh मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।घटना की जांच के लिए पुलिस टीम गठित कर दी गई है। मौके पर फील्ड यूनिट को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से अहम साक्ष्य जुटाए। फिलहाल हत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है।पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## मुरादाबाद में डीएम ऑफिस के पास बने रिकॉर्ड रूम से पकड़ा गया कब्र बिज्जू

वेलकम इंडिया संवाददाता



**मुरादाबाद।** डीएम ऑफिस के पास बने रिकॉर्ड रूम में उस वक्त हड़कम्प मच गया जब वहां कई कब्र बिज्जू होने की खबर वन विभाग को दी गई। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और एक कब्र बिज्जू को रेस्क्यू कर पकड़ लिया गया। बताया जा रहा है कि अभी और भी कब्र बिज्जू रिकॉर्ड रूम में मौजूद हैं, जिसके लिए 7 से 8 लोगों की टीम लगाई गई है। वन विभाग के कर्मचारी निजाम ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि डीएम ऑफिस के बगल में रिकॉर्ड रूम में कब्र बिज्जू होने की सूचना प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए कब्र बिज्जू को जंगल में छोड़ा जाएगा। निजाम ने बताया कि रिकॉर्ड रूम में कब्र बिज्जू की मौजूदगी से वहां काम करने वाले कर्मचारियों में हड़कम्प मच गया था। गौरतलब है कि कब्र बिज्जू एक जहरीला और खतरनाक जानवर होता है, जिसके काटने से गंभीर परिणाम हो सकते हैं। इसलिए वन विभाग की टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए कब्र बिज्जू को पकड़ लिया और उसे सुरक्षित स्थान पर छोड़ने की तैयारी कर रही है। इस घटना से यह भी पता चलता है कि शहर में वन्यजीवों की मौजूदगी कितनी आम हो गई है, और लोगों को उनके बारे में जागरूक रहने की जरूरत है।

## श्री माधव कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड टेक्नोलॉजी हापुड़ में लगाया गया स्वास्थ्य शिविर छात्र/छात्राओं को बताए गए क्षय रोग के लक्षण

हरेन्द्र शर्मा



**हापुड़(वेलकम इंडिया )।** हापुड़ जनपद में भारत सरकार के द्वारा निर्देशित टी0बी0 मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जनपद में विभिन्न स्थानों पर जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है इसी क्रम में आज जनपद के मोदीनगर रोड स्थित श्री माधव कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड टेक्नोलॉजी के सभागार में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राजेश सिंह की अध्यक्षता में एक स्क्रीनिंग शिविर एवम्‌जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया शिविर में बी एड विभाग स्काउट एंड गाइड के सभी छात्र छात्राओं को जागरूक किया गया डॉ राजेश सिंह ने बताया कि भारत सरकार मुहिम चला कर देश को टी0बी0 मुक्त करने का कार्य कर रही है जिसके अंतर्गत इस प्रकार के शिविरों का आयोजन किया जा रहा हैं अतः जिस भी व्यक्ति को दो सप्ताह से अधिक की खांसी खांसी के साथ बलगम आना बलगम में खून का आना छाती में दर्द रहना भूख कम लगना वजन का घटना रात में सोते समय पसीना आना भूख कम लगना आदि लक्षण दिखाई देते हैं तो अपने निकटवर्ती सरकारी अस्पताल में आप जांच करा सकते हैं सरकारी अस्पताल में सभी जांच में उपचार निशुल्क उपलब्ध है डॉ0 सिंह ने बताया की टी0 बी 0के मरीज को पूरा इलाज लेना चाहिए इलाज अधूरा छोड़ने पर टी0बी0 की बीमारी का इलाज हो सकती है।

# उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस भर्ती 2026 को निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से कराने के लिए डीएम-एसपी ने दिए दिशा-निर्देश

## यूपीएसआई परीक्षा-2026 के लिए तैनात पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा व शुचिता सुनिश्चित करने के निर्देश

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**संतकबीरनगर।** बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश उपनिरीक्षक (UPSI) भर्ती परीक्षा 2026 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु जिलाधिकारी आलोक कुमार एवं पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने संयुक्त रूप से कलेक्टर सभागार कक्ष , मौलाना आजाद इंटर कालेज नेहरू कृषक, इंटर कालेज संत कबीर आचार्य रामविलास इंटर कॉलेज, पीवी गर्ल्स इंटर कालेज, हीरालाल इंटर कॉलेज, नेहरू कृषक इंटर कॉलेज खलीलाबाद, आचार्य राम विलास इंटर कालेज आदी कालेज/स्कूल में यूपी एसआई परीक्षा में लगे सभी पुलिसकर्मियों की स्पार्ट ब्रीफिंग की तथा बताया कि अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी मेहदावल सर्वदवन सिंह, क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अमित कुमार सहित थानों के रड/रलड तथा परीक्षा ड्यूटी में तैनात अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे ।

महोदय द्वारा बताया गया कि परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी, स्वाट टीम, साइबर सेल, सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा अन्य पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। साथ ही परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी अथवा नकल को रोकने के लिए सघन निगरानी की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त सीसीटीवी कंट्रोल रूम, जनपदीय कंट्रोल रूम तथा डायल-112 को भी पूरी तरह अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि परीक्षा ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। जनपद पुलिस द्वारा अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे समय से अपने परीक्षा केंद्र पर पहुँचे तथा परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने में प्रशासन का सहयोग करें।

### ब्रीफिंग के दौरान उच्चाधिकारियों द्वारा ड्यूटी पर तैनात समस्त बल को निम्नलिखित कड़े निर्देश दिए गए:

- परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश से पूर्व अभ्यर्थियों की सघन तलाशी (Frisking) सुनिश्चित की जाए। किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट या प्रतिबंधित सामग्री को अंदर ले जाना पूर्णतः वर्जित रहेगा।
- सभी पुलिसकर्मी और केंद्र व्यवस्थापक निर्धारित समय से पूर्व अपने केंद्रों पर उपस्थिति दर्ज कराएं।
- परीक्षा केंद्रों के बाहर अनावश्यक भीड़ एकत्रित न होने दी जाए तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू रखा जाए।
- किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या नकल कराने वाले गिरोहों पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए गए। ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी गई।
- सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेटों के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखने तथा पल-पल की रिपोर्ट कंट्रोल रूम को प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया।

## एमएन पब्लिक इंटर कालेज में कंप्यूटर लैब स्थापित होने से लोगों को मिलेगा फायदा



**मुहम्मद परवेज अख्तर**

**संतकबीरनगर(वेलकम इंडिया)।** विकास खंड सेमरियावां क्षेत्र में तकनीकी शिक्षा की उत्तम व्यवस्था का लाभ जल्द ही मिलने जा रहा है। सीबीएसई से मान्यता प्राप्त कोर्स विद्यार्थियों को सिखाये जाएंगे। यह सुविधा होने से क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा। एम एन पब्लिक इंटर कालेज सोनौरा गौसी को सीबीएसई से मान्यता मिली है। विद्यालय के डायरेक्टर शोएब अहमद नदवी ने दैनिक वेलकम इंडिया से खास बातचीत में कहा कि विद्यालय में विद्यार्थियों को कंप्यूटर कोर्स में प्रशिक्षण देने के लिए 40 कंप्यूटर सिस्टम लगाया गया है। सीबीएसई मानक के अनुसार कंप्यूटर कोर्स का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। आज का यह दौर तकनीकी का है इस दौर में तकनीकी शिक्षा की जरुरत सबसे ज्यादा है। कंप्यूटर कोर्स करना आजकल के डिजिटल युग में करियर विकास, बेहतर सैलरी, और नौकरी की सुरक्षा के लिए बहुत फायदेमंद है। विभिन्न क्षेत्रों में नौकरी के अवसर खोलता है। यह समय की बचत करता है, कार्यक्षमता बढ़ाता है, और घर बैठे काम करने की क्षमता प्रदान करता है।

## क्विक रिस्पांस टीम व आवारा पशु नियंत्रण दल गठित करें: नगरायुक्त

**वेलकम इंडिया संवाददाता**




**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने निकट भविष्य में आने वाले चैत्र नवरात्रि, ईद उल फितर, रामनवमी व महावीर जयंती आदि पर्वो पर जुलूस मार्गो को गड्ढ़ा मुक्त करने, मेनहॉल पर ढक्कन लगवाने तथा धार्मिक स्थलों के पास साफ-सफाई व प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने के साथ मार्गो को अतिक्रमण मुक्त रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने त्यौहारों पर व्यवस्था के सम्बंध में त्वरित कार्रवाई हेतु क्विक रिस्पांस सिस्टम तैयार करने तथा धार्मिक स्थलों के आस-पास आवारा पशुओं के विचरण को नियंत्रित करने के लिए आवारा पशु नियंत्रण दल का गठन करने के भी निर्देश दिए हैं।

नगरायुक्त ने पर्वो की तैयारियों के सम्बंध में निगम अधिकारियों के साथ ऑन लाइन बैठक कर ये निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उक्त पर्वो के दृष्टिगत मंदिर, मस्जिद व ईदगाह के आस-पास साफ-सफाई, पेयजल व पथ प्रकाश व्यवस्था के सम्बंध में नियमित निगरानी रखते हुए उक्त सभी व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। ईद उल फितर के अवसर पर मुख्यतः मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में पेयजल एवं नालियों तथा सड़कों की साफ सफाई व्यवस्था, ईदगाह के आस-पास नमाज से पूर्व पानी व चूने का छिड़काव और मोबाइल टॉयलेट आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा। जहां-जहां मेनहॉल खुले हैं वहां ढक्कन लगवाए जाएं।

नगरायुक्त ने विद्युत कटौती के दृष्टिगत निर्बाध जलापूर्ति हेतु जनरेटर की व्यवस्था करने तथा बढ़ते तापमान के दृष्टिगत क्लोरीनेशनयुक्त जल की आवश्यकतानुसार पूर्ति पूर्णतः बनाये रखने के अलावा धार्मिक स्थलों के आस-पास बने सार्वजनिक शौचालयों व मूत्रालयों की नियमित साफ सफाई रखने तथा मोबाइल शौचालयों व पानी के टैंकरों की व्यवस्था सुनिश्वित करने को भी कहा है। उन्होंने निगम क्षेत्र की सभी सड़कों विशेषकर धार्मिक स्थलों के आस-पास की सभी सड़कों को गड्ढ़ा मुक्त करने, इन स्थलों तक पहुंच मार्ग की प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने तथा धार्मिक स्थलों के आस-पास अतिक्रमण को चिह्नित कर उसे हटाने के लिए कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

नगरायुक्त ने धार्मिक स्थलों के आस-पास कूड़ा एकत्रीकरण न करने और नगर में उत्सर्जित कूडे. का एकत्रीकरण कर उसका लैण्डफिल साइट पर निस्तारण सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए है।

## बार-बार बिजली कटौती से जनता परेशान, समाधान की मांग : शैलेन्द्र शर्मा



**गुलजार आलम**

**रामपुर(वेलकम इंडिया)।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा जी के नेतृत्व में डेलिगेशन ने नवाब गेट बिजली घर पहुंच कर अधिशासी अभियंता (तकनीकी) अनुराग सिंह से मुलाकात कर हो रही बिजली कटौती पर नाराजगी जताई और तत्काल सुधार की मांग की। व्यापार मंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा जी ने कहा कि वर्टिकल व्यवस्था लागू होने के बाद से पिछले 15-20 दिन से कई कई घंटे प्रतिदिन कटौती की जा रही है जिससे लोग और व्यापारी बेहाल हैं। अभी होली का त्योहार गया है नवरात्र और ईद आने वाली है बाजारों के अंदर त्योहारों की खरीददारी चल रही है आवागमन अधिक है और बिजली कटौती की वजह से अक्सर बाजारों के अंदर अंधेरा छाया है जिससे ग्राहक वापस चला जा रहे हैं। यही हाल दिन में है, दिन में गर्मी का पारा ज्यादा होने की वजह से दिन में भी विद्युत कटौती की जा रही है जिसकी वजह से इनवर्टर फेल हो गए हैं सबसे ज्यादा समस्या किला गेट, नवाब गेट, शाहबाद गेट,पहाड़ी गेट और डूंगरपुर बिजली घरों पर बनी हुई है। बिजली घरों के फोन बिजी रहते हैं। विशेष प्रयास पर पतंगबाजी और पेड़ों की छटाई कारण बताकर फोन काट दिया जाता है। पिछले कई महीनो से इसको आधार बनाकर विद्युत अधिकारी पल्ला झाड़ लेते हैं। अभी तो गर्मी की शुरूआत हुई है अभी से यह स्थिति आने वाले समय में गंभीर असंतोष का कारण बनेगी इसके अंदर सुधार लाने की बहुत आवश्यकता है। अधिशासी अभियंता ने स्थिति का संज्ञान लिया और बताये गये क्षेत्रों को नोट किया, यकीन दिलाया कि बहुत जल्द विद्युत कटौती की समस्या ठीक हो जाएगी। इसके लिए हम बराबर काम कर रहे हैं नई व्यवस्था लागू होने के कारण अभी कुछ शुरूआती कठिनाई है।

## मंडलायुक्त ने मेहदावल, खलीलाबाद व धनघटा में मतदाता पंजीकरण केंद्रों का किया निरीक्षण

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**संतकबीरनगर।** मंडलायुक्त बस्ती मण्डल बस्ती/रोल प्रेक्षक अखिलेश सिंह द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी आलोक कुमार के साथ अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के क्रम में जनपद-संत कबीर नगर में द्वितीय भ्रमण कार्यक्रम के दौरान आज जनपद के तीनों विधानसभा क्षेत्रों 312-मेहदावल, 313-खलीलाबाद व 314-धनघटा(अ0जा0) में भ्रमण कर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य में गुणवत्ता व प्रगति की समीक्षा व मतदाता पंजीकरण केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त व राजस्व) जयप्रकाश उपस्थित रहे।

मंडलायुक्त द्वारा तहसीलों में संबंधित उप जिलाधिकारी एवं निर्वाचन कार्य से संबंधित अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ संक्षिप्त बैठक कर एसआईआर कार्य की प्रगति, मतदाता सूची को परिष्कृत करने, प्रपत्र 6, 7 व 8 के निस्तारण की गुणवत्ता व प्रगति आदि की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण/भ्रमण के दौरान रोल प्रेक्षक/मंडलायुक्त द्वारा दावे एवं आपत्तियों के निस्तारण की गुणवत्ता, स्वीकृत व अस्वीकृत प्रपत्रों की स्थिति, फार्म 6, 7 व 8 प्राप्त होने व फीड किए जाने की स्थिति व प्रगति, बीएलओ द्वारा फीड किए गए प्रपत्र 6 व 7 के निस्तारण की प्रगति आदि के संबंध में आंकड़ेवार जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया गया कि एस आई आर कार्य को पूरी जिम्मेदारी एवं निष्पक्षता के साथ निर्धारित समय अवधि में गुणवत्तापूर्ण रूप से संबंध कराया जाए। रोल प्रेक्षक/मंडलायुक्त द्वारा प्रपत्र 6, 7 व 8 पर संबंधित बीएलओ द्वारा रिपोर्ट की बूथवार जांच भी की गई। उन्होंने नो-मैपिंग एवं लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी की सुनवाई के प्रगति की एईआरओ के साथ समीक्षा किया। एसआईआर की प्रक्रिया में नोटिस की सुनवाई एवं वितरण की समीक्षा की गई साथ में प्राप्त फार्मो के निस्तारण पर भी समीक्षा की गई। रोल प्रेक्षक द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत अब तक किये गये कार्यो जैसे-मतदाता सूची में नाम जोड़ने, घटाने, संशोधित करने, शिफ्ट करने आदि के बारे में विभिन्न बिन्दुओं पर आंकडेवार जानकारी प्राप्त करते हुए समीक्षा की गयी एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। उन्होंने एसआईआर में लगाये गये सभी ई0आर0ओ0/ए0ई0आर0ओ0 को बी0एल0ओ0 द्वारा प्राप्त प्रपत्रों/आवेदन पत्रों के आधार पर सूची को परिष्कृत करने के निर्देश दिये। उन्होंने मतदाता सूची में नाम एवं फोटो की मिस मैचिंग एवं अन्य किसी त्रुटि की दशा में बार-बार एवं क्रास चेकिंग करवाते हुए अंतिम रूप से शुद्धतम मतदाता सूची जारी किये जाने का निर्देश दिया।

## पांच साल की बच्ची ने रखा रोजा, मांगी दुआएं



**संतकबीरनगर(वेलकम इंडिया)।** विकास खण्ड सेमरियावा के गांव सेमरियावा निवासी इमामुद्दीन की 5 वर्षीय पुत्री असमा इमाम ने इस रमजान में अपनी जिन्दगी का पहला रोजा रखा। जिसको लेकर परिजनों ने खुशी का इजहार करते हुए ढेर सारी दुआएं दीं। बच्चों के लिए रमजान के दौरान रोजा रखना एक महत्वपूर्ण अनुभव है। जो उन्हें संयम, सहनशीलता और धार्मिक जिम्मेदारी के बारे में सिखाता है। यह पल उनके जीवन में हमेशा यादगार रहेगा। पिता इमामुद्दीन ने कहा कि हमारे बच्चे ने पहला रोजा रखा था यह देखकर हमें बहुत खुशी हुई और हमारे आंखों से आंसू निकल पड़े कि इतनी छोटी सी उम्र में दिन भर बिना कुछ खाए पिए दिन भर भूखे रहना सब की बस बात नहीं,हमारी अल्लाह से दुआ है कि इन मासूम बच्चों के रोजे को कबूल फरमाए।

## दबिश के दौरान 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**संतकबीरनगर(वेलकम इंडिया)।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ जारी गैर जमानतीय वारण्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम में थाना कोतवाली खलीलाबाद उ0नि0 अशोक कुमार दुबे, हे0का0 हरिनारायण , का0 धर्मेश कुमार गौड़ ने वारण्टी दीपक कुमार पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी छोटी सरौली थाना कोतवाली खलीलाबाद को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

## मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 212 वाहनों से 255,000 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया

**संतकबीरनगर(वेलकम इंडिया)।** जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रों में बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 212 वाहनों से 255,000 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया ।

## चकबन्दी प्रक्रियाधीन ग्रामों में लगेगी ग्राम चौपाल, किसानों की समस्याओं का होगा मौके पर समाधान

**विजय द्विवेदी**

**प्रतापगढ़( वेलकम इन्डिया)।** जनपद प्रतापगढ़ में चकबन्दी कार्य को पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए विभिन्न ग्रामों में ग्राम चौपाल आयोजित की जाएंगी। यह जानकारी बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी अरविन्द द्विवेदी ने दी। उन्होंने बताया कि चकबन्दी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देश पर चकबन्दी प्रक्रिया से जुड़े गांवों में ग्राम चौपाल लगाकर किसानों से सीधे फीडबैक लिया जाएगा। चौपाल के माध्यम से खातेदारों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा तथा भूमि संबंधी विवादों का निस्तारण कर किसानों को अनावश्यक मुकदमेबाजी से राहत दिलाने का प्रयास किया जाएगा। इससे किसानों का चकबन्दी योजना के प्रति विश्वास भी बढ़ेगा और चकबन्दी प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि जनपद में उप संचालक चकबन्दी, बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी तथा चकबन्दी अधिकारियों की अध्यक्षता में तिथिवार ग्राम चौपाल आयोजित की जाएगी।

## टूरिज्म वेलफेयर एसोसिएशन का होली मिलन समारोह फूलों और अबीर-गुलाल से सजी महफिल





**संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी(वेलकम इंडिया)।** टूरिज्म वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित पारिवारिक होली मिलन समारोह पीडब्ल्यूडी रोड वरुणा पुल स्थित मेहता सन्स परिसर में बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। समारोह में पर्यटन उद्योग से जुड़े व्यापारियों,गणमान्य अतिथियों और सदस्यों ने सहभागिता करते हुए एक-दूसरे को अबीर -गुलाल लगाकर एवं फूलों की होली खेलकर पर्व की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम के दौरान एसोसिएशन के अध्यक्ष राहुल मेहता ने बताया कि होली मिलन समारोह का उद्देश्य पर्यटन उद्योग से जुड़े सभी लोगों को एक मंच पर लाकर आपसी सौहार्द,भाईचारे और समन्वय को मजबूत करना है उन्होंने कहा कि वाराणसी के पर्यटन उद्योग को आगे बढ़ाने के लिए सभी व्यापारी एकजुट होकर कार्य कर रहे हैं और भविष्य में भी पर्यटन विकास के लिए अपनी सक्रिय भागीदारी निभाते रहेंगे। समारोह में उपस्थित सभी सदस्यों ने वाराणसी में पर्यटन को बढ़ावा देने तथा पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए मिलकर कार्य करने की शपथ भी ली। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व मंत्री एवं विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी,वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेम कपूर,वरिष्ठ भाजपा नेता महेश चंद्र श्रीवास्तव,वरिष्ठ उद्यमी आर.के. चौधरी,भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष मनीष कपूर,उप निदेशक पर्यटन दिनेश कुमार,सहायक निदेशक भारत पर्यटन पावस प्रसून,वरिष्ठ उद्यमी राजेश भाटिया,दीपक बजाज, व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रेम मिश्रा, बनारस होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष गोकुल शर्मा,रजनीश कन्नोजिया सहित अनेक गणमान्य अतिथि और सदस्य उपस्थित रहे।

## नगर पालिका परिषद मे पालिका की बोर्ड बैठक



**गुलजार आलम**

**रामपुर(वेलकम इंडिया)।** नगर पालिका परिषद मे पालिका कि बोर्ड बैठक हुई, जिसमें सभी प्रस्ताव बहुमत से पास हुए। पालिका अध्यक्ष ने सभी सभासदों का आभार व्यक्त किया और बजट एवं अन्य बिंदुओं के प्रस्ताव पास किए गए। भविष्य में आगामी बोर्ड बैठक में जनहित के विकास कार्यों के प्रस्ताव पास कराए जाएंगे,बोर्ड बैठक में उपस्थित नगर पालिका अध्यक्ष सना खानम, अधिशासी अधिकारी दुर्गेश्वर त्रिपाठी, निर्धारण अधिकारी अनिकेत, स्टैनो श्री विलसन कुमार,मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक दिलशाद हसन,सहायक अभियंता (निर्माण) उमेश बाबू लेखाकार, एजेण्डा लिपिक श्री रफत शेर खां, जलकल अभियंता मूलचंद पटेल,पथ प्रकाश प्रभारी अरुण कुमार, निरीक्षक संजीव कुमार,सफाई निरीक्षक अविनाश, द्वारिका नाथ, मुकेश आदि मौजूद रहे।

## सत्तामुख के सिद्धांतहीन गठजोड़ ने समाजवाद को बिखरा दिया-प्रो.इंदीवर

**संतोष कुमार सिंह**





**वाराणसी(वेलकम इंडिया)।** नरेंद्रदेव,जयप्रकाश और लोहिया ने समाजवाद और जनतंत्र को राष्ट्रीयता से निकला हुआ बताया था वे इसे भारत की राष्ट्रशक्ति मानते थे। इसके बिना राष्ट्र अशक्त और निरर्थक हो जाता है आज की सबसे बड़ी सामाजिक समस्या धर्मनिरपेक्षता का छद्म स्वरूप और जातिवाद है। उक्त विचार धर्मेंद्र सिंह एमएलसी ने प्रो.इंदीवर की सद्यः प्रकाशित पुस्तक ह्यसमाजवाद प्रयोग और पतनह्न के लोकार्पण और पुस्तक विमर्श के अवसर पर व्यक्त किए।

यह कार्यक्रम प्रो. उर्मिला मिश्र शब्द संवाद के 15वें आयोजन पर किया गया था उन्होंने कहा कि लोहिया के बाद समाजवादी लोगों में जाति और छद्म धर्मनिरपेक्षता दोनों बुराइयाँ बढ़ी हैं इसे राष्ट्र चेतना ही रोक सकती है। पुस्तक के लेखक प्रख्यात समीक्षक प्रो. इंदीवर ने कहा समाजवाद की वृक्षछाया नरेंद्र देव,जयप्रकाश और लोहिया से बनती है इनका चिंतन देशप्रेम और जन- कल्याण की भावना से भरा था। मार्क्स की जगह गांधी के सत्य से जुड़ा था। समाजवादी राष्ट्रीय लोकतांत्रिक थे समाजवाद का सिद्धांत उदात्त था किंतु कर्म के स्तर पर समाजवादी उसे सफलता से उतार न सके।

लोहिया ने अकेले सैद्धांतिक कर्म को चरितार्थ किया था उनके निधन के बाद समाजवादियों की सिद्धांतहीन गठजोड़ वाली सत्तामुख ने उसे बिखरा व पतनशील बना दिया। अध्यक्षता करते हुए प्रो.दीपक मलिक ने कहा कि समाजवाद रोटी का आंदोलन नहीं एक सांस्कृतिक आंदोलन है।

यह मनुष्य को अनेक आर्थिक अभावों और मारक श्रम से मुक्त कर सांस्कृतिक जीवन का अवकाश प्रदान करता है। प्रो.सुरेंद्र प्रताप ने कहा कि समाजवाद में नैतिक अंश की प्रधानता है।

समाजवाद ही श्रेणी नैतिकता तथा मत्स्य न्याय के बदले जनप्रधान नैतिकता तथा सामाजिक न्याय की स्थापना कर सकता है लेखक ने इसे अच्छी तरह स्पष्ट किया है। पत्रकार प्रदीप कुमार ने लेखक को बधाई देते हुए कहा कि पुस्तक में समाजवाद का इतिहास है इसमें तीनों संस्थापक नेताओं के सिद्धांतों और विचारों का सशक्त विश्लेषण हुआ है तीनों के अहम एवं सैद्धांतिक टकराव को दिखाया गया है।

कालांतर में राजनारायण-मधु लिमये के टकराव ने समाजवादी आंदोलन को बिखरा दिया और उसका पतन हो गया। डॉ.प्रज्ञा सिंह ने समूची पुस्तक से उद्धरण प्रस्तुत करते हुए समाजवादी नेताओं के संघर्ष और उनके बिखराव को स्पष्ट किया। संचालन प्रो.श्रद्धानंद,स्वागत दयामित्र मिश्र तथा धन्यवाद ज्ञापन नरेंद्र नाथ मिश्र ने किया। कुँवर सुरेश सिंह,लाल साहब सिंह आदि ने विचार व्यक्त किए।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 80 जोड़ों ने एक ही मंडप में लिए सात फेरे

## विधायक समाज कल्याण अधिकारी बीडीओ ने संयुक्त रूप से नव विवाहित जोड़ों को एक साथ दिया आशीर्वाद







**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**डिबाई(बुलंदशहर)।** दानपुर ब्लॉक क्षेत्र में गुरुवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का भव्य आयोजन किया गया। नारायणपुर स्थित रॉयल गार्डन मैरिज होम में आयोजित इस कार्यक्रम में कुल 80 जोड़ों ने एक साथ सात फेरे लेकर वैवाहिक जीवन की नई शुरूआत की। समारोह के दौरान नवविवाहित जोड़ों ने एक-दूसरे को वरमाला पहनाई और पूरे वैदिक रीति-रिवाज के साथ विवाह संपन्न कराया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डिबाई विधायक सीपी सिंह लोधी ने की। उन्होंने नवदंपतियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे समाज में समानता और सामाजिक सहयोग की भावना को बढ़ावा मिलता है। इस योजना के माध्यम से सरकार जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह में आर्थिक सहयोग प्रदान कर रही है। कार्यक्रम में दानपुर ब्लॉक प्रमुख आनंद लोधी, बीडीओ मुकेश कुमार, बीडीओ पहासू नरेंद्र कुमार शर्मा आशीष यादव (एडीओ समाज कल्याण), जिला समाज कल्याण अधिकारी रंजना सिंह जहांगीराबाद ब्लॉक से एडीओ समाज कल्याण नपेन्द्र यादव शिकारपुर ब्लॉक से नत्थी सिंह सहित कई ब्लॉक के अधिकारी कर्मचारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बीडीओ मुकेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि दानपुर में आयोजित इस समारोह में कुल 80 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया, जिनमें 5 मुस्लिम जोड़े भी शामिल थे। यह आयोजन क्षेत्र के 10 ब्लॉकों के जोड़ों को मिलाकर कराया गया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत प्रत्येक जोड़े पर कुल एक लाख रुपये का अनुदान निर्धारित है। इसमें 60,000 नगद सहायता 25,000 का गृहस्थी का सामान, तथा 15,000 रुपये विवाह व्यवस्था पर खर्च किए जाते हैं। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह को सम्मानजनक तरीके से संपन्न कराना है। नारायणपुर के रॉयल गार्डन में आयोजित समारोह में बड़ी संख्या में नवविवाहित जोड़ों के परिजन, रिश्तेदार और स्थानीय लोग मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्सव जैसा माहौल बना रहा और सभी ने नवदंपतियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# ग्राम प्रधान ने कराई अंबेडकर गेट पर साफ सफाई

## दलित वर्ग ने जताया ग्राम प्रधान का आभार

**वेलकम इंडिया संवाददाता**






**औरंगाबाद(बुलंदशहर)।** ग्राम पंचायत परवाना में ग्राम प्रधान ने डॉ भीमराव अंबेडकर गेट पर सफाई अभियान चलाया। दलित बस्ती में हुई साफ सफाई से दलितों में खुशी का माहौल व्याप्त है। दलित वर्ग के लोगों ने ग्राम प्रधान का आभार व्यक्त किया।

विकास खंड जहांगीराबाद अंतर्गत ग्राम पंचायत परवाना महमूदपुर में ग्राम प्रधान श्यौराज सिंह ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर गेट पर गुरुवार को जोरदार तरीके से सफाई अभियान चलाया।

ट्रैक्टर ट्रॉली और जेसीबी की मदद से तमाम कूड़ा करकट हटवा कर गेट को सुंदर बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। ग्राम प्रधान के इस सराहनीय कार्य से खुश दलित वर्ग के लोगों ने ग्राम प्रधान का आभार जताया। ग्राम सचिव संदीप कुमार पांचाल पंचायत सहायक सुशील कुमार ग्राम प्रधान प्रतिनिधि निर्देश कुमार आदि मौजूद रहे।

# पीड़ित विधवा महिला ने दबंगों पर दादालाई जमीन पर कब्जा करने का लगाया आरोप, एसडीएम से की शिकायत

## पीड़ित विधवा महिला ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर लगाई न्याय की गुहार

**वेलकम इंडिया संवाददाता**






**बुलंदशहर।** शिकारपुर तहसील क्षेत्र के मेरठ बदायूं हाईवे पर संजीदा पत्नी अब्दुल हकीम निवासी मौहल्ला कोट शेर खान शिकारपुर ने बताया है कि उसकी गाटा संख्या 2754 राजस्व रिकॉर्ड में जमीन नाम दर्ज है जिसका मुकदमा उपजिलाधिकारी शिकारपुर के यहां पर राजस्व संहिता की धारा 24 के अंतर्गत पैमाइश हेतु चल रहा है जिसमें दिनांक 17.3.2026 की निर्धारित तारीख की गई है। लेकिन दबंग लोग जबरन खेत में कब्जा कर ईट डालकर कर रास्ता बनाने का कार्य कर रहे हैं।

पीड़ित विधवा महिला का आरोप है कि न्याय पाने के लिए बार-बार तहसील से लेकर जनपद के आलाधिकारियों के चक्कर काट रही है लेकिन उसकी पुकार सुनने वाला कोई नहीं है।

पीड़ित विधवा महिला ने तहसील प्रशासन पर भी मिलीभगत का आरोप लगाया है कि जिसके चलते हुए न्याय नहीं मिल पा रहा है। वही पीड़ित महिला ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी अपनी शिकायत दर्ज कराई है।

पीड़ित विधवा महिला ने एसडीएम को दबंगों के खिलाफ शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। उधर एसडीएम अरुण कुमार वर्मा से इस संबंध में वार्ता की गई तो उन्होंने बताया है कि पीड़ित द्वारा शिकायती प्रार्थना पत्र मिला है जांच कर न्याय संगत कार्यवाही की जाएगी।

# गोरखपुर फैशन शो सीजन-5 में पहुंचेगीं मिसेज एशिया विजयता सच्चदेवा, बनेंगी सेलिब्रिटी गेस्ट

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**गोरखपुर।** फैशन और ग्लैमर की दुनिया में अपनी अलग पहचान बना चुकीं मिसेज एशिया 2022 की विजेता और यूपी की शान मॉडल सेलिब्रिटी मिसेज एशिया विजयता सच्चदेवा 15 मार्च को गोरखपुर में आयोजित होने वाले फैशन शो सीजन-5 में सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में शिरकत करेंगी। उनके आगमन से कार्यक्रम में खास आकर्षण देखने को मिलेगा। आयोजकों के अनुसार, इस भव्य फैशन शो में प्रदेश के विभिन्न शहरों से मॉडल्स और फैशन से जुड़ी प्रतिभाएं भाग लेंगी। कार्यक्रम का उद्देश्य नई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और फैशन इंडस्ट्री में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। मिसेज एशिया का खिताब जीतकर प्रदेश का नाम रोशन करने वाली सेलिब्रिटी मिसेज एशिया विजयता सच्चदेवा अपनी खूबसूरती, आत्मविश्वास और सामाजिक कार्यों के लिए भी जानी जाती हैं। उनके गोरखपुर आगमन को लेकर फैशन जगत और युवाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि कार्यक्रम के दौरान सेलिब्रिटी मिसेज एशिया विजयता सच्चदेवा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करेंगी और विजेताओं को सम्मानित भी करेंगी।

# नवीन अनाज मंडी में गंदगी का अंबार, व्यापारियों का फूटा गुस्सा

**वेलकम इंडिया संवाददाता**





**जहांगीराबाद।** नगर की नवीन अनाज मंडी में व्याप्त अव्यवस्थाओं और गंदगी को लेकर व्यापारियों का धैर्य जवाब दे गया है। लंबे समय से बुनियादी सुविधाओं की मांग कर रहे व्यापारियों ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए शुक्रवार को सब्जी मंडी पूर्णतः बंद रखने का बड़ा ऐलान किया है। मंडी व्यापारियों और आढ़तियों का कहना है कि मंडी परिसर वर्तमान में बदहाली का शिकार है। मंडी परिसर में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं, जिससे उठने वाली दुर्गंध ने व्यापारियों और किसानों का बैठना दूभर कर दिया है। भीषण गर्मी के बीच मंडी में पीने के साफ पानी की कोई सुचारू व्यवस्था नहीं है। मंडी शुल्क देने के बावजूद व्यापारियों को वे सुविधाएं नहीं मिल रही हैं, जिनका वादा प्रशासन द्वारा किया जाता है। गुरुवार को मंडी परिसर में प्रदर्शन के दौरान व्यापारियों ने एक सुर में प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए।

## बाईक सवारों ने सुनार से चैन छीनी

**बुगरासी(वेलकम इंडिया)।** चौकी अमरगढ़ के गांव जसर के पास बाईक सवार बदमाशों ने जहांगीराबाद से लौट रहे सुनार से सोने की चैन छीन ली। थाना नरसेना के गांव ऊंचागांव निवासी हरसुख लाल वर्मा ज्वैलर्स की दुकान करते हैं। मंगलवार को वह जहांगीराबाद से सामान लेकर बाईक से घर लौट रहे थे ।जैसे ही वह जसर गांव के पास राजवाहे की पुलिया के पास पहुंचे तभी दो बाईक सवार जो पहले से घात लगाकर बैठे थे जिन्होंने गले से सोने की चैन छपटटा मार कर छीन ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बताते चलें कि एक माह पहले भी ऊंचागांव में सुनार के बेटे की दुकान से चार लाख के जेवरात चोरी हो चुके हैं।

## मां बच्चों सहित छत से गिरी,हालत गम्भीर

**बुगरासी(वेलकम इंडिया)।** थाना नरसेना के गांव दौलतपुर कंला में दो दिन पहले महिला व उसके दो बच्चे छत से गिर कर गंभीर घायल हो गये ।तोनो को फौरन ऊंचा गांव सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन उनकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया ।यहा से भी उनको मेरठ के लिए रेफर कर दिया गया ।जहा उनका इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस का कहना है कि पति–पत्नी में झगडे के बाद पत्नी ने बच्चों के साथ छत से कूदने का प्रयास किया था ।थाना नरसेना के गांव दौलतपुर कलां निवासी मीनाक्षी पत्नी किरण पाल सिंह अपने तीन वर्षीय पुत्र शिव व दो वर्षीय पुत्री परी के साथ घर में अकेली थी ।दो दिन पहले सोमवार को शाम के समय संदिग्ध परिस्थितियों में छत से नीचे गिर गए ।इस घटना में मीनाक्षी व उसकी दो वर्षीय पुत्री परी गंभीर घायल हो गये लेकिन शिव को मामूली चोट ही आई। सूचना मिलते ही पडौसियो ने और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया और फिर वहा के डाक्टरों ने जिला अस्पताल से गंभीर हालत देखते हुए मेरठ मैडिकल को रैफर कर दिया। थाना प्रभारी नरसेना रामकिशोर गौतम ने बताया घटना की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर पुलिस कार्रवाई की जायेगी।

## 17 मार्च को लगेगा रोजगार मेला, निजी कंपनियां करेंगी चयन

**बुलंदशहर(वेलकम इंडिया)।** जिला सेवायोजन कार्यालय (मॉडल कैरियर सेंटर) बुलंदशहर एवं एम.एस. इंस्टीट्यूट के संयुक्त तत्वावधान में 17 मार्च 2026 को एक रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह रोजगार मेला एम.एस. इंस्टीट्यूट, गंगेरूवा, चोला रोड, बुलंदशहर में प्रातः 10 :30 बजे से शुरू होगा। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की लगभग 8 कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। मेले में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक एवं आईटीआई उत्तीर्ण बेरोजगार अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में आने वाले अभ्यर्थियों को अपने साथ बायोडाटा लाना अनिवार्य होगा। साथ ही सेवायोजन विभाग की वेबसाइट rojgaarsangam.up.gov.in तथा भारत सरकार के नेशनल करियर सर्विस (NCS) पोर्टल ncs.gov.in पर पंजीकरण कराना भी जरूरी है। जिला सेवायोजन अधिकारी ने अधिक से अधिक योग्य अभ्यर्थियों से रोजगार मेले में प्रतिभाग कर अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

## ऑपरेशन मुस्कानह्व के अन्तर्गत थाना डिबाई पुलिस द्वारा 01 गुमशुदा बच्चे को किया सकुशल



**बुलंदशहर(वेलकम इंडिया)।** गुरुवार को एक महिला ने थाना डिबाई पर सूचना दी कि उसका भतीजा उम्र 05 वर्ष घर के बाहर खेल रहा था, जो कहीं चला गया है। इस सूचना पर थाना प्रभारी डिबाई द्वारा तत्काल टीम गठित कर बच्चे की तलाश शरू की गयी। थाना डिबाई पुलिस टीम द्वारा अथक परिश्रम करते हुए गुम हुए बच्चे को मात्र 03 घंटे में सकुशल बरामद कर परिजनो के सुपुर्द किया गया ।पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रवि रतन सिंह उ0नि0 विशाल प्रताप म0उ0नि0 रिचा वमार्का0 सोनू कुमार शामिल रहे।

# इंडियन गैस सर्विस के सर्वर डाउन होने से उपभोक्ता परेशान, इधर-उधर भटकते रहे उपभोक्ता



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**बुगरासी।** गुरुवार को सुबह अचानक इंडियन गैस सर्विस के सर्वर डाउन होने से उपभोक्ताओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

उपभोक्ताओं ने जानकारी देते हुए बताया कि आज सुबह से ही गैस गोदाम पर काफी भीड जमा हुई थी।

उपभोक्ता इधर-उधर भटकते नजर आए उन्होंने बताया कि गैस एजेंसी में सर्वर डाउन होने की वजह से क्षेत्र में उपभोक्ताओं की पासबुक बुक नहीं हो पा रही है।

जिसकी वजह से गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। उपभोक्ताओं ने बताया कि गैस सिलेंडर मिलने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अगर ऐसा ही होता रहा तो दो-चार दिन मैं खाना भी नहीं बन पाएगा।

प्रबंधक ललित चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारे गैस गोदाम स्टेशन पर सिलेंडर की कोई दिक्कत नहीं है। सभी उपभोक्ताओं को घबराने की कोई जरूरत नहीं है। सभी उपभोक्ता धैर्य बनाए रखें ।बस सर्वर डाउन होने के कारण किताब बुक नहीं हो पा रही है। उपभोक्ताओं को गैस का सिलेंडर अवश्य दिया जाएगा। किसी को कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी।

# 21 मार्च के बाद लगेगा 12.5% प्रॉपर्टी टैक्स जुमार्ना, पहली बार 'ऑटो मोड' सिस्टम लागू

**वेलकम इंडिया संवाददाता**




**जहांगीराबाद।** यदि आप जहांगीराबाद नगर पालिका क्षेत्र के निवासी हैं और आपने अभी तक अपना हाउस टैक्स (प्रॉपर्टी टैक्स) जमा नहीं किया है, तो यह खबर आपके लिए बेहद महत्वपूर्ण है। नगर पालिका परिषद ने स्पष्ट किया है कि 21 मार्च तक टैक्स जमा न करने की स्थिति में बकाया राशि पर सीधे 12.5 प्रतिशत की पेनल्टी लगा दी जाएगी। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी मणिजी सैनी ने बताया कि इस वर्ष टैक्स वसूली को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस बार प्रणाली में बड़ा बदलाव करते हुए पेनल्टी को 'ऑटो मोड' पर रखा गया है। इसका अर्थ है कि जैसे ही 21 मार्च की समय सीमा समाप्त होगी, सॉफ्टवेयर स्वचालित रूप से आपके बिल में 12.5% की अतिरिक्त धनराशि जोड़ देगा। इसमें किसी भी प्रकार का मानवीय हस्तक्षेप नहीं होगा, इसलिए देरी करना भारी पड़ सकता है ।नागरिकों की सुविधा के लिए प्रशासन ने डिजिटल भुगतान पर जोर दिया है।

# आईयूसीटीई में अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का चौथा दिन,डिजिटल शिक्षा पर हुआ मंथन

## द एडटेक कनेक्ट कार्यक्रम में वैश्विक शिक्षकों ने साझा किए आधुनिक शिक्षण के अनुभव





**संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी(वेलकम इंडिया)।** अन्तर विश्वविद्यालय अध्यापक शिक्षा केन्द्र (आईयूसीटीई) वाराणसी में द एडटेक कनेक्ट एम्पावरिंग द ग्लोबल साउथ विषय पर आयोजित सात दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के चौथे दिन के प्रथम सत्र की शुरूआत डॉ.राजा पाठक सहायक आचार्य आईयूसीटीई ने की उन्होंने कोलैबोरेटिव टेक्नोलॉजीज फॉर अकेडमिक नेटवर्किंग विषय पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि ये तकनीकें शैक्षणिक नेटवर्किंग को नई दिशा दे रही हैं और शोधकर्ताओं तथा विद्यार्थियों के बीच ज्ञान साझा करने की प्रक्रिया को सरल बना रही हैं उन्होंने यह भी कहा कि डिजिटल सहयोग के आधुनिक साधनों से अनुसंधान और नवाचार को नई गति मिल सकती है साथ ही द्वितीय सत्र में उन्होंने एक्सप्लोरिंग डिजिटल टूल्स फॉर टीचिंग एंड लर्निंग विषय पर प्रकाश डालते हुए बताया कि डिजिटल उपकरण शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को अधिक प्रभावी और संवादात्मक बना रहे हैं उन्होंने कहा कि इन तकनीकी साधनों के प्रयोग से शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग और नवाचार को बढ़ावा मिलेगाा तृतीय सत्र में प्रो.तनु टंडन चंडीगढ़ विश्वविद्यालय चंडीगढ़ ने यूनिवर्सल डिजाइन फॉर लर्निंग (यूडीएल) प्रिंसिपल्स तथा सोशल एंड इमोशनल लर्निंग इन डिजिटल एज विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि इन सिद्धांतों के माध्यम से शिक्षा को अधिक समावेशी और शिक्षार्थी केंद्रित बनाया जा सकता है उन्होंने एक्सेसिबिलिटी स्टैंडर्ड्स और सपोर्टिव टेक्नोलॉजीज के महत्व पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि इनका उपयोग सभी विद्यार्थियों तक शिक्षा को सुलभ बनाने में सहायक है। इसके साथ ही चतुर्थ सत्र में उन्होंने 'कॉन्टेंट अडैप्टेशन फॉर डाइवर्स लर्नर नीड्स' विषय पर विशेष चर्चा की उन्होंने बताया कि विविध शिक्षार्थियों की आवश्यकताओं के अनुसार सामग्री का अनुकूलन शिक्षा को अधिक प्रभावी और समावेशी बनाता है।

इस कार्यक्रम में श्रीलंका,कम्बोडिया,घाना,किर्गिस्तान, मॉरीशस,थाईलैंड,युगांडा,उज्बेकिस्तान, ताजिकिस्तान और इथियोपिया,ट्यूनीशिया 11 देशों के 25 शिक्षक प्रतिभाग कर रहे हैं। कार्यक्रम के निदेशक प्रो.आशीष श्रीवास्तव संकाय प्रमुख (शैक्षणिक एवं शोध) आईयूसीटीई हैं जबकि इसका समन्वयन डॉ.राजा पाठक सहायक आचार्य आईयूसीटीई द्वारा किया जा रहा है।

# धार्मिक महायज्ञ में अभिनेता राजपाल यादव की आस्था, सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण में हुए शामिल



सनी कुमार केशरवानी

भोपाल। भोपाल के दशहरा मैदान में चल रहे 137वें सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं महारुद्राभिषेक महायज्ञ में मंगलवार को फिल्मी दुनिया की भी मौजूदगी देखने को मिली। प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता राज पाल यादव आयोजन स्थल पर पहुंचे और पूज्य बड़े भैया सरकार अनिल शास्त्री जी से आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस दौरान अभिनेता राजपाल यादव ने भगवान शिव के दर्शन किए तथा पार्थिव शिवलिंग निर्माण के इस भव्य धार्मिक आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का एक साथ भगवान शिव की आराधना में शामिल होना अद्भुत और प्रेरणादायक है। उन्होंने आयोजन की भव्यता और श्रद्धालुओं की आस्था को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की।

आयोजन स्थल पर अभिनेता राजपाल यादव के पहुंचने की खबर मिलते ही श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल बन गया। कई लोगों ने उनके साथ फोटो खिंचवाए और उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर पूज्य बड़े भैया सरकार अनिल शास्त्री जी ने उन्हें आशीर्वाद देते हुए कहा कि भगवान शिव की कृपा से समाज में सकारात्मक ऊर्जा, शांति और सद्भाव का प्रसार हो रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को जोड़ने और

# मोदीनगर में कौशल विकास व उद्यमिता को मिला नया आयाम, केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने किया केंद्र का उद्घाटन

अनिल वशिष्ठ




**मोदीनगर (वेलकम इंडिया)।** डॉ के. एन. मोदी फाउंडेशन के तत्वावधान में गुरुवार को आशीर्वादम में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के माननीय मंत्री जयंत चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में बागपत लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ राजकुमार सांगवान, मोदीनगर विधायक डॉ मंजू सिवाच तथा मोदीनगर नगर पालिका के अध्यक्ष विनोद वैशाली विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। डॉ के. एन. मोदी फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रो. डॉ डी. के. मोदी ने अपने स्वागत संबोधन में मुख्य अतिथि जयंत चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि डॉ के. एन. मोदी विश्वविद्यालय, मोदीनगर में वर्ष 2025-26 से शैक्षणिक सत्र प्रारंभ किया जा रहा है। उन्होंने संस्थान में चल रही शैक्षणिक गतिविधियों, छात्रों के कौशल विकास तथा रोजगारपरक शिक्षा के विभिन्न प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डॉ के. एन. मोदी फाउंडेशन के अंतर्गत आने वाले संस्थानों का प्रमुख उद्देश्य ग्रामीण अंचल एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना तथा महिला सशक्तिकरण और कौशल विकास को बढ़ावा देना है। इसी उद्देश्य से वर्ष 2015 में डॉ के. एन. मोदी सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट की स्थापना की गई, जहां 22 से अधिक जॉब रोल्स में प्रशिक्षण दिया जाता है। अब तक 10,000 से अधिक विद्यार्थियों को प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट उपलब्ध कराया जा चुका है। संस्थान ठरउऊ का ट्रेनिंग पार्टनर भी है। कार्यक्रम में सत्र 2024-25 में विभिन्न पाठ्यक्रमों में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले 26 मेधावी छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने डॉ के. एन. मोदी फाउंडेशन एवं विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज जब भारत बोलता है तो पूरी दुनिया ध्यान से सुनती है, इसलिए विद्यार्थियों को अपनी कार्यकुशलता और प्रतिभा को इस स्तर तक विकसित करना चाहिए कि विश्व में उनका कोई मुकाबला न हो सके। इस अवसर पर डॉ के. एन. मोदी विश्वविद्यालय, मोदीनगर के ह्लकौशल विकास एवं उद्यमिता केंद्रह्व का उद्घाटन भी किया गया। सांसद डॉ राजकुमार सांगवान ने विद्यार्थियों को समाज, प्रकृति और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने का संदेश दिया, जबकि विधायक डॉ मंजू सिवाच ने मोदीनगर में विश्वस्तरीय शिक्षा, युवा विकास एवं खेलों के क्षेत्र में हो रहे प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में मानव मोदी ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रेनू मोदी, मानव मोदी, निधि मोदी, नव्या मोदी एवं वेधा मोदी सहित संस्थान के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था के वाइस प्रेसिडेंट कैप्टन राजीव सक्सेना ने किया। इस मौके पर डॉ शशि कुमार नायर, डॉ संजय गुप्ता, यू. एन. मिश्रा सहित शहर की अनेक प्रमुख हस्तियां, डॉ के. एन. मोदी फाउंडेशन से जुड़े विभिन्न संस्थानों के कुलपति, डायरेक्टर, प्रिंसिपल, शिक्षक, रजिस्ट्रार तथा मीडिया प्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# पंजीकरण हेतु अपॉइंटमेंट की समय-सीमा के विरोध में महानिरीक्षक निबंधन के नाम सौंपा ज्ञापन

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर (वेलकम इंडिया)।** बार एसोसिएशन मोदीनगर द्वारा महानिरीक्षक निबंधन, उत्तर प्रदेश प्रयागराज को संबंधित एक ज्ञापन उपनिबंधक तहसील मोदीनगर को सौंपा गया। जिसमें दिनांक 01.04.2026 से पंजीकरण हेतु अपॉइंटमेंट की समय-सीमा केवल 01 घंटे निर्धारित किए जाने के आदेश के विरोध किया गया है। बार एसोसिएशन के सचिव नकुल त्यागी द्वारा ज्ञापन में कहा गया है कि विभाग द्वारा प्रसारित सूचना के अनुसार दिनांक 01.04.2026 से पंजीकरण हेतु आवंटित अपॉइंटमेंट केवल 1 घंटे तक ही मान्य रहने का निर्णय लिया गया है यह निर्णय पूर्णतः अव्यावहारिक, अविचारित तथा आम जनता एवं अधिवक्ताओं के हितों के प्रतिकूल है। दस्तावेज तैयार करने, पक्षकारों के उपस्थित होने तथा आवश्यक औपचारिकताएँ पूर्ण करने में स्वाभाविक रूप से समय लगता है। ऐसी स्थिति में 01 घंटे की समय सीमा अत्यंत अल्प है। इंटरनेट की तकनीकी समस्याएँ, सर्वर की धीमी गति एवं पोर्टल की व्यावहारिक बाधाएँ भी प्रायः उत्पन्न होती रहती है, जिससे निर्धारित समय में पंजीकरण कर पाना और भी कठिन हो जाएगा। मोदीनगर तहसील क्षेत्र में प्रतिदिन बडी संख्या में आमजन अपने महत्वपूर्ण दस्तावेजों के पंजीकरण हेतु उपनिबंधक कार्यालय में उपस्थित होते है। विभागीय पोर्टल पर प्रायः तकनीकी समस्याएँ, इंटरनेट व्यवधान तथा सर्वर की धीमी गति जैसी स्थितियाँ उत्पन्न होती रहती है, जिनके कारण निर्धारित समय सीमा में पंजीकरण कर पाना अत्यंत कठिन हो जाएगा। इससे कार्यालयों में अनावश्यक भीड़, अव्यवस्था एवं जनआक्रोश की स्थिति उत्पन्न होने की पूर्ण संभावना है ऐसी स्थिति में केवल 01 घंटे की समय-सीमा निर्धारित करना न केवल अव्यावहारिक है ज्ञापन में अनुरोध किया गया है कि जनहित एवं अधिवक्ताओ की समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए उक्त आदेश को तत्काल निरस्त करने की कृपा करें। ज्ञापन देने वालों में जगवीर सिंह अध्यक्ष, नकुल त्यागी, राजकुमार गुप्ता, अनिल चौधरी, प्रेमवीर राठी, उत्तम त्यागी , रणवीर बैसला, राज कुमार चौधरी आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# ऊर्जा बचाएँ - राष्ट्र को मजबूत बनाएं -निर्वाण फाउंडेशन

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर (वेलकम इंडिया)।** प्रसिद्ध सामाजिक संस्था निर्वाण फाउंडेशन के संस्थापक ईश्वर चंद्र ने लोगो को जागरूक करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय युद्ध जैसे हालातों को देखते हुए ऊर्जा संसाधनों के संयमित उपयोग की अपील की है। निर्वाण फाउंडेशन द्वारा समस्त नागरिकों, छोटे व्यापारियों, होटल-ढाबा संचालकों तथा औद्योगिक एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों से अपील की जाती है कि वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर पड़ रहे प्रभाव को समझते हुए धैर्य और संयम का परिचय दें। देश की सार्वजनिक क्षेत्र की ऊर्जा कंपनी (एचपीसी एल) द्वारा औद्योगिक एवं वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को जारी सूचना में बताया गया है कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला तथा अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के कारण एलपीजी गैस की उपलब्धता अस्थायी रूप से प्रभावित हो सकती है। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया है कि वर्तमान परिस्थितियों में एलपीजी की आपूर्ति को प्राथमिकता के आधार पर घरेलू उपभोक्ताओं तक सुनिश्चित किया जाए। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए निर्वाण फाउंडेशन समाज के सभी वर्गों से निम्नलिखित अपील करता है ऊर्जा संसाधनों का अनावश्यक उपयोग करने से बचें, आवश्यकता पड़ने पर वैकल्पिक ईंधन स्त्रोतों पर भी विचार करें, समाज में धैर्य, सहयोग और जिम्मेदारी की भावना बनाए रखें,कृत सूचना पर विश्वास करें, निर्वाण फाउंडेशन का मानना है कि जब विश्व स्तर पर असामान्य परिस्थितियाँ उत्पन्न होती हैं, तब राष्ट्र की शक्ति उसके नागरिकों के संयम, अनुशासन और सहयोग से ही बढ़ती है। आइए, हम सब मिलकर जिम्मेदारी निभाएँ और ऊर्जा संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करें।

# औद्योगिक श्रमिक बस्तियों के सर्वे में तेजी लाने के निर्देश, 15 अप्रैल तक पूरा होगा सर्वेक्षण

## अतिरिक्त निर्माण और खाली जमीन का भी होगा आकलन, शासन को भेजी जाएगी रिपोर्ट

वेलकम इंडिया संवाददाता



**गाजियाबाद।** जनपद में स्थित औद्योगिक श्रमिक बस्तियों की समस्याओं के समाधान और वहां रहने वाले लोगों को मालिकाना हक देने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए प्रशासन ने सर्वेक्षण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें श्रम विभाग, नगर निगम, विकास प्राधिकरण और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में औद्योगिक श्रमिक बस्तियों में चल रहे सर्वेक्षण कार्य की समीक्षा की गई और सभी टीमों को 15 अप्रैल 2026 तक सर्वेक्षण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए। सहायक श्रम आयुक्त विनीत्ता सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश शासन के निदेशों के क्रम में जिलाधिकारी गाजियाबाद द्वारा जनपद में स्थित औद्योगिक श्रमिक बस्तियों की समस्याओं के निस्तारण के लिए एक स्थानीय समिति का गठन किया गया है।

इसी समिति की बैठक मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उप श्रम आयुक्त गाजियाबाद, दोनों सहायक श्रम आयुक्त, नगर निगम के जोनल अधिकारी, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के सहायक अभियंता, मोदीनगर क्षेत्र से नगर पालिका परिषद मोदीनगर के अधिशासी अधिकारी तथा लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता सहित अन्य अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान पहले से गठित सर्वेक्षण टीमों द्वारा किए गए सर्वेक्षण कार्य की विस्तृत समीक्षा की गई। अधिकारियों को बताया गया कि जनपद गाजियाबाद के तहसील सदर क्षेत्र के लोहियानगर स्थित औद्योगिक श्रमिक बस्ती लाल क्वार्टर में अब तक लगभग 80 घरों का भौतिक सर्वेक्षण कार्य पूरा कर लिया गया है। वहीं तहसील मोदीनगर क्षेत्र की औद्योगिक श्रमिक बस्ती गोविंदपुरी और सुचेतापुरी में करीब 105 घरों का भौतिक सर्वेक्षण किया जा चुका है।

# एनएसएस शिविर में विभिन्न ज्ञानवर्धक एवं सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया

अनिल वशिष्ठ




**मोदीनगर (वेलकम इंडिया)।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज मोदीनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की इकाइयों द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस पर विभिन्न ज्ञानवर्धक एवं सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। स्वयंसेविकाओं ने उत्साहपूर्वक इन गतिविधियों में सहभागिता की। कार्यक्रम के प्रातः सत्र का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इसके पश्चात एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ऐश्वर्या बहुगुणा द्वारा ह्लव्यक्तित्व विकासह्व विषय पर एक प्रेरणादायी व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। उन्होंने छात्राओं को आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच, प्रभावी संप्रेषण तथा नेतृत्व क्षमता के महत्व के बारे में बताया और उन्हें अपने व्यक्तित्व को विकसित करने के लिए प्रेरित किया। इसके उपरांत स्वयंसेविकाओं द्वारा श्रमदान के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता से संबंधित गतिविधियाँ की गईं, जिससे सेवा भावना और सामूहिक कार्य की भावना को प्रोत्साहन मिला। दोपहर के सत्र में सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन रोटरी क्लब के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रक्तदान और थैलेसीमिया जैसी गंभीर रक्त संबंधी बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाना था।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आदित्य भूषण शर्मा निदेशक जनरल, रोटरी ब्लड बैंक तथा अभिषेक जैसवाल, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, रोटरी ब्लड बैंक, दिल्ली उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं को थैलेसीमिया के कारण, लक्षण, रोकथाम तथा समय पर जांच के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी और रक्तदान के महत्व पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वेच्छा से रक्तदान भी किया गया, जिससे मानव सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत हुआ। कार्यक्रम में मनीष गर्ग सहित रोटरी क्लब के अन्य सदस्य–ज्योति अग्रवाल, मेघा अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल, मनोज गर्ग, गौरव तथा निधि गर्ग–भी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का महाविद्यालय परिवार की ओर से स्वागत एवं सम्मान किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पूनम शर्मा के संरक्षण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारियों– डॉ. आकांक्षा सारस्वत, सुश्री शालू देवी, डॉ. राखी शर्मा एवं सुश्री ऐश्वर्या बहुगुणा–द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकों एवं छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

# फूड यूनिट्स को गैस आपूर्ति में प्राथमिकता देने की मांग

वेलकम इंडिया संवाददाता

- खाने की ठेलियों, रेस्तरां और बड़ी फूड इकाइयों को गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने पर दिया जोर

**गाजियाबाद।** सांसद अतुल गर्ग ने खाद्य व्यवसाय से जुड़ी छोटी और बड़ी इकाइयों को गैस आपूर्ति में प्राथमिकता देने की मांग उठाई है। इस संबंध में उन्होंने केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी को पत्र लिखकर फूड से संबंधित इकाइयों की समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित किया है। सांसद ने कहा कि इन इकाइयों के सुचारु संचालन के लिए गैस की नियमित आपूर्ति बेहद आवश्यक है, क्योंकि बड़ी संख्या में लोग इनके द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले भोजन पर निर्भर रहते हैं। अपने पत्र में सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि शहरों में खाने की ठेलियों, छोटे रेस्तरां, ढाबों और बड़ी फूड यूनिट्स का नेटवर्क बड़ी संख्या में लोगों को भोजन उपलब्ध कराता है। विशेष रूप से कामकाजी वर्ग, श्रमिक वर्ग और बाहर से आने वाले लोग अक्सर अपने घरों में भोजन बनाने के बजाय इन स्थानों पर उपलब्ध भोजन पर निर्भर रहते हैं। ऐसे में यदि इन इकाइयों को समय पर गैस आपूर्ति नहीं मिलती है तो इसका सीधा असर आम जनता की दैनिक जरूरतों पर पड़ता है।

उन्होंने बताया कि कई बार गैस आपूर्ति में व्यवधान आने के कारण इन फूड इकाइयों को संचालन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इससे न केवल इन व्यवसायों पर असर पड़ता है बल्कि उन हजारों लोगों को भी परेशानी होती है जो रोजाना इन स्थानों से भोजन प्राप्त करते हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि खाद्य व्यवसाय से जुड़ी सभी छोटी-बड़ी इकाइयों को गैस आपूर्ति में प्राथमिकता दी जाए।

सांसद अतुल गर्ग ने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया कि शहरों में बड़ी संख्या में ऐसे लोग रहते हैं जो नौकरी या काम के सिलसिले में बाहर से आते हैं और किराये के कमरों या हॉस्टलों में रहते हैं।

# घर पर ही गूंजी किलकारियां: महिला ने दिया जुड़वा बेटों को जन्म

## प्रसव पीड़ा के बाद एंबुलेंस को किया गया कॉल, समय पर नहीं पहुंच सकी मदद



**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** प्रसव पीड़ा के दौरान समय पर एंबुलेंस न पहुंचने के कारण एक महिला को घर पर ही जुड़वा बच्चों को जन्म देना पड़ा। दोनों नवजात बेटे हैं, जिन्हें कम वजन के चलते जिला महिला अस्पताल की नर्सरी में भर्ती कराया गया है। फिलहाल चिकित्सकों की निगरानी में दोनों बच्चों का इलाज चल रहा है और उनकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। जानकारी के अनुसार सुदामा पुरी की रहने वाली राधा को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। इसके बाद उनके पति अरुण ने अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस सेवा को कॉल किया। आरोप है कि एंबुलेंस समय पर उनके घर नहीं पहुंच सकी। ऐसे में परिवार को मजबूरन घर पर ही प्रसव कराना पड़ा और राधा ने जुड़वा बेटों को जन्म दिया। परिवार के लोगों ने तुरंत दोनों नवजातों को जिला महिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें नर्सरी में भर्ती कर लिया। चिकित्सकों के अनुसार दोनों बच्चों का वजन सामान्य से कम है, इसलिए उन्हें विशेष निगरानी में रखा गया है। डॉक्टरों की टीम लगातार उनकी सेहत पर नजर बनाए हुए है। बताया गया कि राधा के परिवार में पहले से दो बेटियां हैं। जुड़वा बेटों के जन्म से परिवार में खुशी का माहौल है, हालांकि नवजातों के कम वजन के कारण परिजन थोड़े चिंतित भी हैं। डॉक्टरों का कहना है कि उचित देखभाल और उपचार से बच्चों की स्थिति में जल्द सुधार होने की उम्मीद है। उधर शहर के सेवा नगर क्षेत्र में भी एक महिला ने जुड़वा बेटों को जन्म दिया है। सेवा नगर निवासी नवीन की पत्नी ममता ने सिजेरियन ऑपरेशन के जरिए दो बेटों को जन्म दिया। दोनों नवजातों को बेहतर देखभाल के लिए अस्पताल की नर्सरी में रखा गया है। चिकित्सकों के अनुसार ममता की यह सर्जरी सुरक्षित तरीके से की गई और फिलहाल मां और दोनों बच्चों की हालत स्थिर है। ममता को भी पहले से दो बेटियां हैं। परिवार में जुड़वा बेटों के जन्म से खुशी का माहौल बना हुआ है। अस्पताल के डॉक्टरों का कहना है कि दोनों महिलाओं और उनके नवजात बच्चों की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। जरूरत के अनुसार उन्हें चिकित्सा सुविधा दी जा रही है। डॉक्टरों ने परिजनों को भी बच्चों की देखभाल के लिए जरूरी निर्देश दिए हैं, ताकि नवजातों के स्वास्थ्य में जल्द सुधार हो सके। इस घटना के बाद एंबुलेंस सेवा की समयबद्धता को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि आपात स्थिति में एंबुलेंस समय पर उपलब्ध होना बेहद जरूरी है, ताकि गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित तरीके से अस्पताल पहुंचाया जा सके। वहीं चिकित्सा विभाग का कहना है कि मामले की जानकारी मिलने पर आवश्यक जांच की जाएगी। फिलहाल अस्पताल में दोनों महिलाओं और उनके बच्चों का उपचार जारी है।

# शराब कारोबार पर आबकारी विभाग की कड़ी नजर, नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई

## ओवररेटिंग और समय से बाहर बिक्री करने वाले 22 अनुज्ञापियों पर कार्रवाई

वेलकम इंडिया संवाददाता



- कार्रवाई के दौरान 16.50 लाख रुपये का जुमार्ना वसूल, दुकानों पर लगातार छापेमारी

**गाजियाबाद।** जनपद में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ आबकारी विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए निर्णायक अभियान चला रखा है। जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार प्रथम के नेतृत्व में विभाग की टीमें लगातार कार्रवाई कर न केवल अवैध शराब के तस्करों को सलाखों के पीछे पहुंचा रही हैं, बल्कि लाइसेंसधारी शराब दुकानों पर भी कड़ी निगरानी रख रही हैं। विभाग की इस सख्ती का असर यह है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले विक्रेताओं और अनुज्ञापियों पर लगातार कार्रवाई हो रही है। आबकारी विभाग की टीम जिले की शराब दुकानों पर नियमित निरीक्षण कर रही है और यह सुनिश्चित कर रही है कि सभी दुकानें सरकार द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार ही संचालित हों। इसी कड़ी में विभाग ने पिछले एक वर्ष के दौरान ओवररेटिंग, तय समय के बाद शराब की बिक्री और अन्य नियमों के उल्लंघन के मामलों में 22 अनुज्ञापियों के खिलाफ कार्रवाई की है। इस कार्रवाई के तहत विभाग ने जुमार्ना लगाकर करीब 16 लाख 50 हजार रुपये का राजस्व भी प्राप्त किया है। जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार प्रथम की कार्यशैली को लेकर विभाग के भीतर और बाहर दोनों जगह चर्चा है।

वे खुद अपनी टीम के साथ नियमित रूप से दुकानों का निरीक्षण करते हैं और किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करते हैं। उनके नेतृत्व में विभाग की टीमें जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में अचानक निरीक्षण कर शराब बिक्री की पूरी व्यवस्था की जांच करती हैं। इससे न केवल अवैध गतिविधियों पर अंकुश लग रहा है, बल्कि नियमों के पालन को भी मजबूती मिल रही है। अक्सर देखा जाता है कि कई लाइसेंसधारी दुकानदार लाइसेंस लेने के बाद दुकानों को पूरी तरह विक्रेताओं के भरोसे छोड़ देते हैं। ऐसे मामलों में कई बार विक्रेता नियमों का उल्लंघन कर बैठते हैं, जिसका खामियाजा अंततः अनुज्ञापी को भुगतना पड़ता है। इसी कारण आबकारी विभाग लगातार अनुज्ञापियों को निर्देश देता रहता है कि वे स्वयं भी दुकानों की गतिविधियों पर नजर रखें और यह सुनिश्चित करें कि वहां कोई भी नियम विरुद्ध कार्य न हो। जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार प्रथम का कहना है कि विभाग की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि जिले में शराब की बिक्री पूरी तरह से नियमों के अनुसार हो। उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल 2025 से अब तक जिले में कुल 22 अनुज्ञापियों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है। इन मामलों में ओवररेटिंग, तय समय से पहले दुकान खोलने या बंद होने के बाद शराब बेचने जैसे उल्लंघन शामिल हैं। इन सभी मामलों में विभाग ने जुमार्ना लगाकर लगभग 16 लाख 50 हजार रुपये का राजस्व प्राप्त किया है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि शराब बिक्री से जुड़े सभी लाइसेंसधारी नियमों का सख्ती से पालन करें। पहली बार नियमों का उल्लंघन करने पर 75 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया जाता है। यदि दूसरी बार वही गलती दोहराई जाती है तो जुमार्ने की राशि दोगुनी कर दी जाती है। वहीं तीसरी बार नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित अनुज्ञापी का लाइसेंस निरस्त कर दिया जाता है। इसके साथ ही गंभीर मामलों में दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भी भेजा जा सकता है। आबकारी विभाग का कहना है कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

विभाग की टीमें समय-समय पर जिले की सभी शराब दुकानों का निरीक्षण करती रहेंगी और नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और तस्करी के खिलाफ भी सख्त अभियान चलाया जा रहा है। जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार प्रथम ने यह भी कहा कि विभाग का उद्देश्य केवल कार्रवाई करना ही नहीं, बल्कि शराब कारोबार को पूरी तरह पारदर्शी और नियमबद्ध बनाना भी है। इसके लिए अनुज्ञापियों को समय-समय पर नियमों की जानकारी दी जाती है और उन्हें निर्देशित किया जाता है कि वे अपनी दुकानों की गतिविधियों पर खुद भी निगरानी रखें। उन्होंने बताया कि विभाग की सख्ती से जिले में शराब बिक्री व्यवस्था में काफी सुधार देखने को मिला है। निरीक्षण और कार्रवाई की वजह से कई दुकानदार अब नियमों का पालन करने के प्रति अधिक सतर्क हो गए हैं। आबकारी विभाग की इस सक्रियता से जहां सरकार को राजस्व प्राप्त हो रहा है, वहीं आम लोगों को भी तय कीमत पर शराब उपलब्ध कराने में मदद मिल रही है। जिले में चल रहे इस अभियान से साफ है कि आबकारी विभाग अवैध शराब के कारोबार और नियमों के उल्लंघन के प्रति किसी भी प्रकार की ढिलाई बरतने के मूड में नहीं है। जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार प्रथम के नेतृत्व में विभाग की टीम लगातार सक्रिय है और आने वाले समय में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहने की संभावना है। इससे जिले में शराब कारोबार को पूरी तरह नियमों के दायरे में लाने की दिशा में महत्वपूर्ण परिणाम सामने आने की उम्मीद है।

# भोलेनाथ के जयकारों से गूंजा गाजियाबाद दूधेश्वरनाथ मठ में भव्य कॉरिडोर का शिलान्यास

**कपिल चौहान**





**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** प्राचीन एवं आस्था के प्रमुख केंद्र दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर का परिसर गुरुवार को भोलेनाथ के जयकारों से गूंज उठा, जब उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह द्वारा मंदिर परिसर में प्रस्तावित दूधेश्वरनाथ कॉरिडोर का विधिवत शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में साधु-संत, जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी और श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में गाजियाबाद के कई जनप्रतिनिधियों और गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। इनमें गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग, विभिन्न विधानसभाओं के विधायक संजीव शर्मा, अजीत पाल त्यागी और मंजू शिवाच सहित भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल भी मौजूद रहे। इसके अलावा धार्मिक परंपरा का प्रतिनिधित्व करते हुए महंत श्री नारायण गिरी जी महाराज, महंत श्री रमेशानंद गिरि जी महाराज तथा महंत गिरीशानंद जी महाराज समेत अन्य संत-महात्माओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में जिले के सभी भाजपा मंडल अध्यक्ष, भाजपा उपाध्यक्ष, पार्टी कार्यकर्ता तथा अनेक गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

इस दौरान गाजियाबाद पुलिस और प्रशासन द्वारा कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा और व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संभाला गया। पुलिस प्रशासन की सतर्क व्यवस्था के कारण कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने उत्तर प्रदेश में हो रहे विकास कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में धार्मिक और पर्यटन स्थलों के विकास को नई गति मिली है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में मंदिरों और धार्मिक स्थलों के पुनर्विकास का जो कार्य हुआ है, वह पहले किसी सरकार में नहीं हुआ।



उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि अयोध्या में राम मंदिर, काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर सहित प्रदेश के कई धार्मिक और पर्यटन स्थलों का व्यापक विकास भाजपा सरकार के कार्यकाल में संभव हुआ है। पर्यटन मंत्री ने गाजियाबाद में आने वाले समय में होने वाले विकास कार्यों की भी जानकारी दी और बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मथुरा में पर्यटन विभाग के माध्यम से जल्द ही आस्था से जुड़ा एक अद्भुत पर्यटन स्थल विकसित किया जाएगा, जो श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा।

दूधेश्वरनाथ कॉरिडोर के शिलान्यास के साथ ही स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं में खुशी का माहौल देखने को मिला। लोगों का मानना है कि इस परियोजना के पूर्ण होने के बाद मंदिर परिसर की भव्यता बढ़ेगी और यहां आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।

# 1.50 करोड़ के 555 खोए मोबाइल बरामद, पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ने मोबाइल स्वामियों के चेहरों पर मुस्कान लौटाई

**कपिल चौहान**





**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के नगर जोन की सर्विलांस टीम एवं सभी थाना पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से चलाए गए विशेष अभियान के तहत विभिन्न कंपनियों के कुल 555 खोए/गुम हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किए गए। बरामद किए गए मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत लगभग 01.50 करोड़ रुपये बताई जा रही है। पुलिस आयुक्त गाजियाबाद के निर्देशन में नगर जोन की सर्विलांस टीम लगातार गुम हुए मोबाइल फोन की ट्रैकिंग व रिकवरी के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। इसी क्रम में सर्विलांस टीम द्वारा तकनीकी सहायता एवं विभिन्न थानों की पुलिस के सहयोग से अलग-अलग स्थानों से भिन्न-भिन्न कंपनियों के 555 मोबाइल फोन सफलतापूर्वक बरामद किए गए।

बरामद किए गए मोबाइल फोन को उनके वैध स्वामियों को विधिवत सत्यापन के बाद लौटाया गया। अपने खोए हुए मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली और उन्होंने गाजियाबाद पुलिस के इस सराहनीय कार्य के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। गाजियाबाद पुलिस द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि यदि किसी व्यक्ति का मोबाइल फोन गुम हो जाता है तो वह तुरंत सीईआईआर पोर्टल (उएक्क्ष) या नजदीकी थाने में सूचना दर्ज कराएं, जिससे समय रहते मोबाइल की ट्रैकिंग कर उसे बरामद किया जा सके। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा आगे भी इसी प्रकार अभियान चलाकर नागरिकों की खोई हुई संपत्ति को बरामद करने के लिए निरंतर प्रयास किए जाते रहेंगे।

# राष्ट्र विरोधी गतिविधि करने पर ग्राम नाहल से 6 अभियुक्त गिरफ्तार



**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** राष्ट्र विरोधी गतिविधि करने पर थाना मसूरी पुलिस ने ग्राम नाहल से 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से एक मोबाइल फोन भी बरामद किया है। पुलिस इनके सोशल मीडिया एकाउंट्स की भी जांच कर रही है। डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी ने बताया कि गाजियाबाद सोशल मीडिया टीम सोशल मीडिया अकाउंट्स पर निगरानी रखे हुए हैं। इसी दौरान कुछ अकाउंट्स पर राष्ट्र विरोधी गतिविधि देखी गई।

इस संबंध में जब थाना मसूरी पुलिस ने जान शुरू की तो ग्राम नाहल के सावेज, जुनैद, फरदीन, इकराम, फजरू और जावेद का नाम प्रकाश में आया, जिसके बाद पुलिस ने इन सभी को गिरफ्तार किया। थाना मसूरी पर इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# मुरादनगर में अवैध कॉलोनियों पर जीडीए का बुलडोजर, 33 बीघा में चल रही प्लाटिंग ध्वस्त

**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने अवैध निर्माण और अनधिकृत कॉलोनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए गुरुवार को मुरादनगर क्षेत्र में विकसित की जा रही लगभग 33 बीघा भूमि पर अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई जीडीए उपाध्यक्ष के निर्देशों के क्रम में प्रभारी प्रवर्तन जोन-02 के नेतृत्व में की गई।

प्राधिकरण के अनुसार अलग-अलग मामलों में अवैध रूप से प्लाटिंग कर कॉलोनियां विकसित की जा रही थीं। वाद संख्या जी.डी.ए./अ.नि./2024/0002787 में वादी श्री योगेंद्र सिंह, श्री सुधीर अग्रवाल और श्री अनिल त्यागी द्वारा खसरा संख्या-153, हनुमान मंदिर बम्बा रोड, शोभापुर से बसंतपुर सैंथली मार्ग, ग्राम बसंतपुर सैंथली, गाजियाबाद में लगभग 08 बीघा भूमि पर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी।





वहीं वाद संख्या जी.डी.ए./अ.नि./2025/0003867 में वादी श्री नरेंद्र और श्री रविंद्र पुत्र स्वर्गीय श्री मंशाराम द्वारा खसरा संख्या-130, फतेहपुर, सीकेडा रोड, मोदीनगर में लगभग 15000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। इसके अलावा वाद संख्या जी.डी.ए./अ.नि./2024/0002678 में श्री अनवर इलाही, श्री इरशाद इलाही, श्री अफजल इलाही और श्री नीरज त्यागी द्वारा खसरा संख्या-266, 267 और 269, रावली रोड, चुंगी नंबर-3 से पाइपलाइन रोड, ग्राम सरना, मुरादनगर में लगभग 10 बीघा भूमि पर कच्ची सड़कें बनाकर और चिनाई कार्य कर प्लाटिंग की जा रही थी। इन सभी मामलों में पूर्व में जारी ध्वस्तीकरण आदेशों के अनुपालन में जीडीए की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध कॉलोनियों में बनाई गई सड़कें, बाउंड्री वॉल, साइट ऑफिस तथा अन्य निर्माण को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया।

ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान कॉलोनाइजर और निर्माणकताओं द्वारा विरोध भी किया गया, लेकिन पुलिस बल और प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते की मौजूदगी में कार्रवाई को प्रभावी ढंग से अंजाम दिया गया।

कार्रवाई के समय मौके पर सहायक अभियंता, अवर अभियंता, प्रवर्तन जोन-2 का स्टाफ, प्राधिकरण पुलिस बल और प्रवर्तन दस्ता मौजूद रहा। जीडीए अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि भविष्य में भी अवैध निर्माण और अनधिकृत कॉलोनियों के खिलाफ इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# ख्वाजा गरीब नवाज गैस एजेंसी पर सिलेंडर की किल्लत




**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद क्षेत्र में स्थित ख्वाजा गरीब नवाज गैस एजेंसी पर इन दिनों गैस सिलेंडरों की भारी किल्लत देखने को मिल रही है। एजेंसी पर प्रतिदिन आने वाले उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि एजेंसी पर रोजाना केवल लगभग 150 सिलेंडरों की ही आपूर्ति हो पा रही है, जबकि उपभोक्ताओं की संख्या इससे कहीं अधिक है। पर्याप्त सप्लाई न होने के कारण कई लोगों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं के अनुसार सर्वर की समस्या के चलते भी वितरण प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। कई बार घंटों लाइन में लगने के बाद भी सिलेंडर नहीं मिल पाता, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। क्षेत्रवासियों ने संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि गैस सिलेंडरों की आपूर्ति बढ़ाई जाए और सर्वर संबंधी समस्या को जल्द से जल्द ठीक कराया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

# जहां आबकारी डालती है दिन-रात डेरा, वहीं से शुरू होता है अवैध शराब का खेला

## शराब की तस्करी रोकने में नाकाम आबकारी



**धनदयाल पांडेय**

**कुशीनगर (वेलकम इंडिया)।** जिले के ईमानदार कप्तान केशव कुमार के द्वारा तस्करी पर। पूर्ण रूप से विराम लगाने की सोच रहे हैं लेकिन आबकारी विभाग के इंस्पेक्टर अभिषेक चौहान तथा कांस्टेबल कृपा शंकर दुबे के संरक्षक में प्रतिदिन लगभग शराब की हर भट्टीयों से पिकअप बोलेरो मोटरसाइकिल तथा जलमार्ग के रास्ते हजारों लीटर की संख्या में शराब की तस्करी करने वाले तस्कर रात के अंधेरे से लेकर दिन के उजाले तक बिहार को पहुंचाते हैं और आबकारी की कानों में जूं तक भी नहीं रेंगती ऐसा लोगों द्वारा बताया जा रहा है आबकारी विभाग की कार्यशैली पर क्षेत्र में चचाएं तमाम है जानकारी के मुताबिक तमकुही राज सर्कल के देसी अंग्रेजी शराब की लगभग सभी भट्ठीयो इनका मंथली बंधा हुआ है और हर महीना पैसा इनके पास पहुंच जाता है क्योंकि आबकारी अधिकारियों ने तस्करों को खुली छूट जो दे रखी है यह बात अलग है कि पुलिस कभी-कभी दिखावे के लिए लाठियां भाजना शुरू कर देती है लेकिन या कभी सुनने में नहीं आया है कि आबकारी ने कभी किसी शराब की भठृठी तथा तस्करों पर कार्रवाई की हो सबसे ज्यादा शराब की तस्करी यूपी बिहार की बॉर्डर बहादुरपुर अहिरौली दान डिबनी बंजारवा रामपुर बंगरा सेवरही लगवा चट्टी आदि शराब की भठृठीयो से होती हैं। इस अब शराब तस्करी के संबंध में आबकारी इंस्पेक्टर अभिषेक चौहान से बात करने की कोशिश की तो उन्होंने फोन को महत्वपूर्ण न समझकर फोन रिसीव नहीं किया।

# त्योहारों को लेकर प्रशासन सतर्क: शांति, सुरक्षा और सौहार्द बनाए रखने पर जोर

## जिलाधिकारी और एडीसीपी लॉ एंड ऑर्डर ने प्रबुद्धजनों के साथ की समन्वय बैठक

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में गुरुवार को महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ और एडीसीपी लॉ एंड ऑर्डर राज करन नैय्यर की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ-साथ अलग-अलग धार्मिक समुदायों के प्रबुद्धजन भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान पुलिस विभाग, नगर निगम, विद्युत विभाग, राजस्व विभाग, अग्निशमन विभाग, जिला पंचायत राज विभाग और खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने आगामी त्योहारों के दौरान बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अपने-अपने सुझाव और योजनाएं प्रस्तुत कीं। वहीं उपस्थित प्रबुद्धजनों ने भी त्योहारों के समय सामने आने वाली संभावित समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराया और उनके समाधान के लिए सुझाव दिए।

प्रबुद्धजनों ने बताया कि त्योहारों के दौरान भीड़भाड़ अधिक होने के कारण चोरी, छिनैती और जेबकतरी जैसी घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने ऐसे मामलों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस प्रशासन से विशेष सतर्कता बरतने का अनुरोध किया। इसके अलावा कार्यक्रम स्थलों पर भारी भीड़ के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित होने और जाम की स्थिति उत्पन्न होने की समस्या भी बैठक में उठाई गई। बैठक में यह भी बताया गया कि कार्यक्रम स्थलों के आसपास भीड़ के चलते गंदगी और कीचड़ की समस्या पैदा हो सकती है।



इसको देखते हुए नगर निगम से सफाई व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने का आग्रह किया गया, ताकि त्योहारों के दौरान लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने सभी सुझावों और समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुसार सभी त्योहारों को सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने नगर निगम, पीडब्ल्यूडी, विद्युत विभाग, जल निगम और अन्य संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सभी कार्यक्रम स्थलों और उनके आसपास स्वच्छता, पेयजल, बिजली और सड़क व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त रखा जाए। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को निर्देश दिए कि त्योहारों के दौरान 24 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और किसी भी प्रकार की शिकायत सामने न आने पाए। इसके साथ ही पीडब्ल्यूडी विभाग को सड़कों की मरम्मत और गड्ढामुक्त करने के निर्देश दिए गए, ताकि लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। नगर निगम को कार्यक्रम स्थलों और आसपास के क्षेत्रों में नियमित सफाई और कचरा निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। एडीसीपी लॉ एंड ऑर्डर राज करन नैय्यर ने कहा कि जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने नागरिकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि यदि किसी व्यक्ति को अपने आसपास किसी भी प्रकार की असुरक्षा महसूस होती है तो वह तुरंत पुलिस से संपर्क करे।

# पेट्रोल-डीजल और गैस की कोई कमी नहीं

## जिलाधिकारी की अपील-पेट्रोल पंप और गैस एजेंसियों पर अनावश्यक भीड़ न लगाएं, आपूर्ति पूरी तरह सामान्य

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जिले में पेट्रोल, डीजल और घरेलू रसोई गैस की कमी को लेकर सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों पर फैल रही अफवाहों के बीच जिला प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि जनपद में ईंधन और गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि पेट्रोल, डीजल और घरेलू गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है और किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। इसलिए लोग अफवाहों पर ध्यान न दें और गैस एजेंसियों तथा पेट्रोल पंपों पर अनावश्यक भीड़ न लगाएं।



जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में आपूर्ति करने वाली कंपनियों और एजेंसियों के पास पेट्रोल, डीजल और घरेलू गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक और रिजर्व उपलब्ध है। इसके बावजूद कुछ बेबुनियाद अफवाहों के कारण उपभोक्ताओं द्वारा अत्यधिक संख्या में गैस बुकिंग कराई जा रही है। अधिक बुकिंग के कारण गैस बुकिंग सर्वर पर अधिक लोड पड़ रहा है, जिससे कई बार उपभोक्ताओं को तकनीकी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि इस तकनीकी समस्या को ठीक कराने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि घरेलू गैस सिलेंडरों की बुकिंग और डिलीवरी प्रक्रिया में कुछ बदलाव भी किए गए हैं। अब दो गैस सिलेंडरों की बुकिंग के बीच 25 दिन का अंतराल निर्धारित किया गया है। यह व्यवस्था इसलिए लागू की गई है ताकि सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस मिल सके और किसी प्रकार की अनावश्यक जमाखोरी को रोका जा सके। प्रशासन ने पेट्रोल-डीजल और गैस सिलेंडरों की जमाखोरी, अवैध भंडारण और कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए सख्त कदम उठाए हैं। इसके लिए जिले के सभी उपजिलाधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन और आपूर्ति विभाग की संयुक्त टीमें गठित की गई हैं। ये टीमें लगातार पेट्रोल पंपों, गैस एजेंसियों और अन्य संबंधित स्थानों पर निगरानी रखेंगी और किसी भी प्रकार की अनियमितता मिलने पर तुरंत कार्रवाई करेंगी।

## गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को अवगत किया जाता है कि दिनाक 26.07.2024 को थाना कविनगर, गाजियाबाद पर श्री अकील पुत्र बाबू नि0 झुग्गी झोपडी लोहा मंडी कविनगर गाजियाबाद मो0 न0 9289344164 ने लिखित तहरीर देकर बताया कि दिनांक 24.07.2024 को समय करीब 3 बजे मेरी बेटी फिजा उम्र करीब 10 वर्ष घर से चावल लेने दूकान पर गयी थी जो वापस नहीं लोटी हमने आस पास तलाश किया तो नहीं मिली जो भटककर कही चली गयी हैं इस सम्बन्ध में थाना कविनगर पर मु0अ0स0 0718/24 धारा 137(2) बी0एन0एस0 पंजीकृत है।

गुमशुदा बालिका का हुलिया– उम्र–करीब 10, वर्ष, रंग–गेहुँवा/सांवला, कद–करीब –04 फुट, दुबला पतला शरीर, आँख नाक कान औसत, बाल काले माध्यम आकार के, दाहिनी आँख के पास चोट का निशान कपडे – काले रंग की टी शर्ट और ग्रे रंग का लोवर पहने है। अगर किसी थाने/चौकी अथवा किसी सज्जन को इस गुमशुदा बालिका के बारे मे कोई जानकारी मिले तो नीचे दिए गए नम्बरो पर अथवा थाना कविनगर पर सूचित करने का कष्ट करे।

जाँचकर्ता
उ0नि0 विकास कुमार
थाना कविनगर गाजियाबाद
मो0न0.9315058309

श्री अनुराग शर्मा
(प्रभारी निरीक्षक)
थाना कविनगर गाजियाबाद
मो0न0.9643322920